ния, богослужения и культурные программы. 30) В Дели много театральных площадок, залов для собраний и митингов.

९) निम्नलिखित संज्ञाओं से विशेषण बनाइये ।

पुराण, विजय, अंत, दर्शन, केंद्र, शक्ति, धर्म, शांति, शान, इतिहास, उद्योग ।

१०) निम्नलिखित विशेषणों के साथ जितने हो सकें उतने ही नाम जोडिθये ।

सांस्कृतिक, अंतिम, धार्मिक, गोलाकार, आधुनिक, गगनचुंबी, उच्चतम, असमान, विजित, प्रधान, मुख्य, शाही, ऐतिहासिक, निजी, अमर ।

११) पाठ से संबंधित सवालों का जवाब दीजिये ।

1) Кто был основателем первой столицы на территории современного Дели? 2) Как называлась первая столица? 3) Что происходило в давние времена на территории современного Дели? 4) О чем говорят развалины вокруг Дели? 5) Чем известен махараджа Анангпал? 6) Что можно сказать о правлении раджей из династии Томаров? 7) Почему Притхвираджа Чаухана считают последним индусским правителем Северной Индии? 8) Кто начал в XII в. править в Дели? 9) Когда были основаны первые мусульманские династии в Северной Индии? 10) Чем известен могольский император Шахджахан? 11) Чем примечателен сегодня основанный Шахджаханом Красный форт? 12) Как являлся народу могольский падишах? 13) Где находились и чем обычно занимались царские жены и дочери? 14) Что можно сказать о главной улице Старого Дели Чандни Чаук? 15) Как отправлялся на молитву в Соборную мечеть Шахджахан? 16) Можете ли Вы описать Соборную мечеть в Дели? 17) Кто построил Старый форт? 18) Какие там есть достопримечательности? 19) Как лишился жизни император Хумаюн? 20)Кто начал строительство минарета Кутуба? 21) Что можно сказать об этом месте? 22) Сколько раз Дели был столи-

цей Индии? 23) Кто заложил первый камень в строительство Нового Дели? 24) Сколько лет он строился? 25) Чем известен Дворец Президента? 26) Что можно сказать о Раджпатхе, главной улице Нового Дели? 27) Где находится Национальный стадион? 28) Что там обычно происходит? 29) Где в Дели горит Вечный огонь? 30) Где расположен мемориальный комплекс высших индийских руководителей? 31) Какие религиозные сооружения имеются в Дели? 32) Как иначе называется храм Лакшми-Нараяна? 33) Когда был построен бехаитский храм? 34) Что Вы знаете о религии бехаизм? 35) Какова особенность центра индийской столицы? 36) Что можно сказать о столичном транспорте? 37) Как управляется Дели? 38) Кто является главой Национальной столичной территории? 39) Кто издает законы в Дели? 40) Кто возглавляет Совет министров? 41) Кто избирает Законодательную Ассамблею в Дели? 42) Какие университеты имеются в Дели? 43) Как называются наиболее известные гостиницы в Дели?

१२) मौखिक रूप से अनुवाद करके इस अंश को अपने शब्दों में सुनाइये ।

संसार के प्राचीनतम नगरों में दिल्ली एक है । यह यमुना के किनारे पर बसी हुई उत्तर-पश्चिम भारत की एक बहुत प्रसिद्ध महानगरी है । यहाँ प्राचीन समय से हिन्दू राजाओं और तत्पश्चात् मुसलमान बादशाहों की राजधानी रही है । इसके पास ही इंद्रप्रस्थ नगर था जिसके खंडहर अब भी देखने को मिलते हैं । जब भारत में अंग्रेजों का प्रभुत्व स्थापित हो गया था दिल्ली उनके हाथों में चली गयी । सन् १९११ में इसे ब्रिटिश सरकार ने अपनी राजधानी बनाया और उसके पास ही नयी दिल्ली को बसाया । यह नयी दिल्ली आज भी स्वतंत्र भारत की राजधानी है ।

दिल्ली का इतिहास बहुत पुराना है । कई लोग इसका संबंध पाण्डवों के राज्य से बताते हैं । दिल्ली की भूमि पर अनेक ऐतिहासिक घटनाएँ हो रही थीं । यह कई बार बसी और

कई बार नष्ट हुई । कई लोगों का मत है कि इंद्रप्रस्थ के एक राजा दिल्ल ने इसे बसाया था, इसलिए इसका नाम दिल्ली पडθा । इस समय दिल्ली दो है, नयी दिल्ली और पुरानी दिल्ली । नयी दिल्ली अंग्रेजθों की बनायी हुई है । उसके कई स्थान विशेषकर दर्शनीय हैं जिनमें राष्ट्रपति भवन, संसद भवन, अशोक होटल, कनाट प्लेस, बिडθला मंदिर, बहाई उपासना मंदिर आदि हैं । यह बहुत खुली और चौडθी, नये अंग्रेजθी शहरों के ढंग से बसायी गयी है ।

पुरानी दिल्ली में भी विश्वविद्यालय का भाग अंग्रेजθों का बसाया हुआ है । बाकी सारी का सारी दिल्ली बहुत पुरानी बसी हुई है । इसमें अनेक पुरानी मस्जिदें, मंदिर और दूसरे भवन हैं । इसके चारों ओर बहुत चौडθी दीवार है जो आजकल कहीं-कहीं टूटी हुई है । दिल्ली के उत्तर-पश्चिम में एक बहुत महत्वपूर्ण व्यापारिक केंद्र है ।

लाल किला दिल्ली का एक प्रसिद्ध भवन है जिसे सन् १६२८ में शाहजहाँ ने बनवाया था । उसके दीवान-ए-आम और दीवान-ए-खθास नामक दो हाल दर्शनीय हैं ।

वास्तुकला की सुंदरता में आगरे के ताजमहल के बाद इन्हीं का स्थान है । इनके अलावा शाहजहाँ और दूसरे मुगल बादशाहों के बनाये हुए यहाँ अनेकों स्थान हैं जिनमें जामा मस्जिद, रंगमहल आदि कई कापθी रोचक और प्रख्यात हैं ।

यहाँ के बाजθारों में चांदनी चौक बहुत चौडθा और सुंदर बाजθार है । दिल्ली से कुछ दूर कुतुबमीनार, हुमायूँ का मकबरा तथा अशोक स्तम्भ आदि कुछ पुरानी इमारतें इसके अभिमान की स्मारक है ।

भारत को स्वतंत्रता मिलने के पश्चात् दिल्ली का महत्व और भी बढθ गया । अब वह भारत जैसे विशाल देश की राजधानी है । यहाँ पर प्रतिदिन अनेकों यात्री विदेशों से आते रहते हैं । यहाँ प्रत्येक देश के लोग रहते हैं । संसार भर के छोटे और बडθे देशों के उच्चतम अधिकारी तथा राजा-महाराजा

और विश्वविख्यात आदमियों में कोई न काई यहाँ आता ही रहता है ।

१३) अपने शब्दों में दिल्ली के इतिहास की मुख्य झाँकियाँ को सुनाइये ।

१४) किसी भी राजधानी की कहानी तैयार करके सुनाइये ।

१५) खθाली जगहों में आवश्यक शब्द रखिये ।

१) दिल्ली की पौराणिक – यह है कि इसकी स्थापना युधिष्ठिर ने की । २) यह एक हिन्दू – की समाधि है । ३) दिल्ली के - - बहुत से खंडहर मिलते हैं । ४) कालचक्र ने अपना – फिर बदला । ५) इस प्राचीन नगर के – अब भी देखे जा सकते हैं । ६) यह कस्बा पिछली शताब्दी में - गया है । ७) ऐतिहासिक - से स्पष्ट है कि यह एक प्राचीनतम नगर है । ८) इस सम्राट ने शासन-प्रबंध में अनेक – किये । ९) इस वंश के – ने अनेक गढθ और कोट बनवाये थे । १०) यह राजा देश की – की रक्षा के लिए खूθब लडθा । ११) पृथ्वीराज – हिन्दू शासक था । १२) यह स्तम्भ नगर में प्राचीनतम – चिन्ह है । १३) यद्यपि वह – के साथ लडθ रहा था फिर भी – हुआ । १४) यवनों ने अनेक मंदिरों को - - कर दिया । १५) दिल्ली देश का – नगर है । १६) यहाँ अनेक स्मारक – हैं । १७) बादशाह एक ऊँचे तखθत पर बैठे हुए प्रजा को – देता था । १८) जैसा राजा, वैसी - । १९) कटावदार - का निर्माण मुसलमानी वास्तुकला की एक विशेषता है । २०) बाजθार के दिनों में अनेक - किये जाते हैं । २१) लोगों का मत है कि ऊँट बहुत – जानवर है । २२) मस्जिद के - सदा गोल होते हैं । २३) कुतुब – भारत की सबसे ऊँची – है । २४) बादशाह सदा – फाटक से प्रवेश किया करते थे । २५) हुमायूँ का – दिल्ली का एक सुंदरतम भवन है । २६) इस युद्ध में अनेक सैनिकों की – गयी थी । २७) जार्ज

पंचम ने नयी दिल्ली का – किया । २८) राष्ट्रपति भवन में ३७ – हैं । २९) - दिवस के अवसर पर सैनिक – आयोजित होते हैं । ३०) - मंत्रालय का नेतृत्व करता है । ३१) - ज्योति दूर से दिखाई देती है । ३२) गणतंत्र दिवस भारत का – महोत्सव है । ३३) राष्ट्रीय स्टेडियम में खेलकूद की विभिन्न – आयोजित की जाती हैं । ३४) इस रंगशाला में तरह-तरह के – कार्यक्रम होते हैं । ३५) अमर ज्योति के इर्द-गिर्द - अर्पित करने के लिए लाखों लोग जमा होते हैं । ३६) यह बस - भरी है । ३७) - सभा राज्य का उच्चतम निर्वाचित अंग है । ३८) देश में मंत्रिमंडल का नेतृत्व - - करता है । ३९) - देश का प्रधान है । ४०) राज्य में सरकार का नेतृत्व - करता है ।

१६) नाटक के इस अंश को अपने शब्दों से सुनाइये ।

चंद्रगुप्त की विजय

नाटक – пьеса, पात्र – действующее лицо, सेना – армия, शत्रु – враг, जय - победа (की जय – *зд.* «Да здравствует»), गुरु – наставник, गुरुदेव – обращение к наставнику

नाटक के पात्र : चंद्रगुप्त – भारतवर्ष के प्रसिद्ध सम्राट, चाणक्य – चंद्रगुप्त के गुरु और प्रधान-मंत्री, चंद्रकेतु – एक वीर सरदार, वीरसेन - सेनापति, सिद्धार्थक – चाणक्य का सहायक ।

पहला दृश्य

(स्थान राजमहल का एक कमरा । परामर्श करने के लिए चंद्रगुप्त, चाणक्य और चंद्रकेतु बैठे हैं । वीरसेन द्वार पर खडेθ हैं ।)

चंद्रगुप्त - गुरुदेव, सुना है, कि सिकन्दर बादशाह का सेनापति सेल्युकस यवन देश का बादशाह हो गया है और वह शीघ्र ही भारत पर आक्रमण करने वाला है ।

चंद्रकेतु - इतना ही नहीं, वह उत्तर भारत में आ गया है, सिंधु नदी पार कर चुका है ।

चाणक्य - हाँ, ये सब खθबरें ठीक हैं ।

चंद्रगुप्त - अगर ऐसा है, तो उसका मुकाबला करने के लिए सेना क्यों न भेजी जाय, जिससे वह आगे बढθ न सके ।

चाणक्य - उत्तर भारत में कुछ पहाडθी राजा शत्रु से मिल गये हैं, इसलिए वहाँ शत्रु को रोकना ठीक नहीं समझा गया । दो-एक दिन में शत्रु राजधानी के कुछ निकट आ जाएगा । यह स्थान उसके लिए अपरिचित है । हमारी सेना चारों ओर से घेरने के लिए आगे बढθ चुकी है । चंद्रकेतु और वीरसेन अपनी मुख्य सेना के साथ शत्रु का मुकाबला करेंगे और चंद्रकेतु शत्रु को वापस लौटने से रोकेंगे ।

चंद्रगुप्त - अकेले चंद्रकेतु को भेजना ठीक नहीं, मैं भी उनके साथ जाऊँगा ।

चाणक्य - फिर राजधानी की रक्षा कौन करेगा ? आप राजधानी में रहिये । चंद्रकेतु और उनके वीर सैनिक शत्रु को रोकने के लिए कापθी हैं । फिर भी हमारी सेना का एक दल उनके साथ रहेगा । हमें पूरा विश्वास है कि वीर चंद्रकेतु शत्रु को पराजित कर सकेंगे ।

चंद्रकेतु - (खडθ होकर) हुक्म दीजिये, मैं अभी जाने को तैयार हूँ ।

चाणक्य - मैं एक खθबर आने की राह देख रहा हूँ ।

वीरसेन - (भीतर आकर) सिद्धार्थक नामक एक आदमी गुरुदेव से मिलना चाहता है ।

चाणक्य - उसे भीतर आने दो । (वीरसेन जाता है) बस चंद्रकेतु तुम्हारी परीक्षा का समय आ चुका है । क्या तुम अपने परिवार वालों से मिलना चाहते हो ?

चंद्रकेतु - महाराज का काम किये बिना मुझे किसी से मिलने की इच्छा नहीं ।

चाणक्य - धन्य चंद्रकेतु ! तुमसे ऐसे ही उत्तर की उम्मीद थी । ऐसे ही वीर देश को स्वतंत्र बनाये रखते हैं । अब (...सिद्धार्थक आता है)

सिद्धार्थक - महाराजाधिराज की जय हो ! गुरुदेव धन्य हों ।

चाणक्य - कहो सिद्धार्थक, क्या खθबर है ?

सिद्धार्थक - (चंद्रकेतु को देखकर कुछ रुकता हुआ बोलता है) आपके निवासस्थान में पहले पहुँचा, वहाँ आपके दर्शन नहीं हुए । खθबर बहुत आवश्यक...

चाणक्य - तुम इसे कहो । महावीर चंद्रकेतु कोई नया आदमी नहीं हैं । इनसे परिचित हो । आगे तुम्हें इन्हीं के साथ काम करना है । अच्छा, तो खθबर शीघ्र सुनाओ ।

सिद्धार्थक - शत्रु आज से चौथे दिन राजधानी के निकट आ जाएगा । पाँच पहाडθी राजाओं ने उसके साथ दोस्ती कर ली है ।

चाणक्य - (यह खθबर सुनकर खुश होकर) बहुत ठीक । अच्छा, अब मैं अपनी कोठी को जाता हूँ । चंद्रकेतु, तुम महाराज से मिलकर शीघ्र मेरे पास आओ, वीरसेन, तुम एक घंटे के बाद मुझसे मिलना । (जाते हुए) आओ, सिद्धार्थक । (बाहर जाते हैं । चंद्रकेतु खडेθ हो जाते हैं)

चंद्रगुप्त - पहाडθी राजाओं की बात सुनकर गुरुदेव खθुश क्यों लगने लगे ?

चंद्रकेतु - गुरुदेव की बातें बडθी गहरी होती हैं । अच्छा, तो अब हुक्म दीजिये । गुरुदेव से मिलकर शीघ्र रवाना होना है ।

चंद्रगुप्त - वीरसेन, महावीर चंद्रकेतु को थोडθी दूर पहुँचाकर तुम भी युद्ध पर जाने के लिए सेना सहित तैयार हो जाओ । प्रसन्नता से जाइये । बस भारत भूमि की स्वतंत्रता का ध्यान रखिये ।

चंद्रकेतु - (जाते हुए) भारत-माता की जय । (सब हाथ उठाकर “जय” कहते हैं) महाराजा चंद्रगुप्त की जय । (वीरसेन के साथ जय कहते हुए एक ओर जाते हैं, चंद्रगुप्त दूसरी ओर बाहर जाते हैं) ।

१७) कृदंतों का उपयोग समझते-समझाते हुए अपने शब्दों से बातचीत को दोहराइये ।

रामचंद्र : क्यों खन्ना साहब, क्या हो रहा है इस दपθ्तर में ? पता नहीं कितने दिन से “कमल एण्ड कंपनी” का पत्र आया हुआ है, उसका जवाब अभी तक नहीं गया है । इसी तरह और भी कितने ही मामले पडθे हुए हैं । उन्हें क्यों नहीं देख रहे हैं आप ?

खन्ना : साहब, “कमल” वाले कागजθ राधाकृष्ण के पास हैं । वही इसे देखता है । वह तो एक हपθ्ते से बीमार पडθा हुआ है । कागजθ भी उसी की मेजθ पर पडθे हुए हैं । उसके आने के बाद जवाब भिजवा दूँगा ।

रामचंद्र : इसीलिए तो कहता हूँ कि काम इस तरह विभाजित होना चाहिए कि एक एक आदमी के न आने पर दूसरा उसे देख सके । किसी एक आदमी के कारण काम रुकना नहीं चाहिए । जो भी कागजθ उसकी मेजθ पर पडेθ हुए हैं, उन्हें पूरा करके भेजने का प्रबंध कीजिये ।

खन्ना : नहीं साहब, उसके और सब कागजθ मेरे पास रखे हुए हैं । मैं ही उन्हें देख रहा हूँ । कोई काम बाकी नहीं है ।

रामचंद्र : यह देखिये, गुप्त का एक पत्र मेरे पास आया । पिछले हपθ्ते वह कलकत्ता गया था । उसने पाँच दिन का रुपया माँगा है । इस पत्र पर मेरे एक सहायक ने लिखा है कि उसे सिपर्θ तीन दिन का पैसा मिलेगा । क्या मामला है यह ?

खन्ना : बात यह है कि जाते समय उसे सिपर्θ तीन दिन का पैसा दिया गया था । लेकिन वह कलकत्ता में पाँच दिन रहकर आया है । वह दपθ्तर के काम से गया

हुआ था, लेकिन सुनने में आया है कि वह दो दिन के लिए अपने गाँव चला गया था ।

रामचंद्र : अच्छा आप ही इसे देख लीजिये । (रामचंद्र घंटी बजाते हैं और खन्ना उठकर बाहर जाते हैं । राजीव अंदर आता है) क्यों भाई राजीव, क्या काम करते हो यहाँ ? यह देखो, अलमारियाँ सापφ नहीं हैं, इनमें किताबें भद्दे ढंग से रखी हैं । तुम देखकर काम नहीं करते हो । हर बात में बताऊँ तुम्हें ? यहाँ कौनसी चीजेंθ कहाँ रखी हैं, यह भी तुम्हें नहीं मालूम । अपना भी तो खθयाल नहीं तुम्हें । यह देखो, कमीजθ का कालर फटा हुआ है, आगे का बटन टूटा हुआ है । इतनी बडθी कंपनी में इसी पोशाक में काम करोगे ? दस तक पढθ हो न ? पढθ-लिखे होकर भी ऐसा काम करते हो । अक्ल का पुतला कहीं का । देखो, आगे ठीक से काम करना, नहीं तो...। अच्छा, जाओ, रामलाल को भेजना ।

(राजीव जाता है और थोडθी देर में रामलाल आता है)

रामलाल : नमस्ते साहब ।

रामचंद्र : नमस्ते । बैठिये । आपको पφार्म भरने का काम दिया था, हो गया ?

रामलाल : बस हो ही गया है, थोडθा बाकी है ।

रामचंद्र : दिया हुआ काम जल्दी पूरा हो जाना चाहिए । अभी कुछ भी नहीं तैयार हुआ । क्यों देर कर रहे हैं ?

रामलाल : आज घर जाते समय दे दूँगा । वही काम कर रहा हूँ ।

चुटकुले

- मैं तो यह सोच रही हूँ कि साडिθयों के नये पφैशन न जाने कैसे आयेंगे । – बस दो ही तरह के । – तो कौन-

कौनसे ? - एक तो वे जो तुम्हें पसंद नहीं आयेंगे और एक वे, जिन्हें खθरीदने को मेरे पास पैसा नहीं है ।

- कहो भाई तांगेवाले, स्टेशन तक का क्या लोगे ? - सिर्फ एक रुपया । – और टोकरे का क्या लोगे ? - उसका कुछ नहीं । – तब तो टोकरा ले चलो, मैं तो तुम्हारे तांगे के साथ ही चलूँगा ।

- मैंने समझा था कि अशोक जी स्मृति खो बैठने के कारण दपθ्तर से छुट्टी ले रहे हैं । - ठीक ही तो है । – किन्तु आज भी मैंने उन्हें दपθ्तर में ही देखा । – हाँ, यह भी तो वे भूल गये हैं ।

-मेरा बच्चा कैसा सुंदर है । सच कहती हूँ, उससे बेहतर शहर भर में कोई नहीं है । – देखो, कैसी जोडθी है हमारी । मेरा बच्चा भी शहर भर में सबसे सुंदर है ।

चौथा पाठ

व्याकरण

Совершенная форма сослагательного наклонения

Данная форма образуется сочетанием синтетического ПСВ с простой формой сослагательного наклонения глагола ह (होना). При ПСВ от переходного глагола здесь фомируется эргативная конструкция. Рассматриваемая форма выражает потенциальное действие, которое могло бы предшествовать действию-состоянию сказуемого в изъявительном наклонении, если бы было реальным: सोचा, गुप्ता जी के यहाँ न चली गयी हो «Подумал, а не пошла ли она к Гупте», इस तरह लौट आऊँगी जैसे कुछ भी न हुआ हो «Вернусь с таким видом, как будто ничего не случилось». Кроме этого, совершенная форма может выражать потенциальное действие, которое предшествует другому потенциальному действию, обозначенному, как правило, простой формой: मेरी जθबान गिर जाये अगर मैंने उससे एक बात भी की हो «Отсохни мой язык, если я хоть раз заговорила с ним». Реже данная форма выражает потенциальное действие перфектного характера: हो सकता है कि अब उन्होंने घर बसा लिया हो «Возможно, он теперь обзавелся семьей». Также редко данная форма выражает потенциальное действие, которое могло бы происходить в одной временной плоскости с другим потенциальным действием или действием-состоянием сопутствующего сказуемого в изъявительном наклонении: जब वह जθमीन पर गिर पडθी तब उसे जैसे इसकी स्मृति आ गयी हो «Когда она упала на землю, то она как бы вспомнила об этом случае».

Пассивная конструкция.

Пассивная конструкция (ПК) образуется в хинди на базе: 1) аналитического пассивного причастия, 2) переходного ПСВ,

имеющего пассивное значение, и 3) пассивного причастия-прилагательного.

ПК всегда бывает трехкомпонентной, состоящей из субъекта, или агенса (производителя действия), объектного подлежащего, или пациенса, испытывающего результат действия, и предиката. В отличие от номинативной и эргативной конструкций здесь основное внимание уделяется не производителю действия, а результативному состоянию объектного подлежащего. Поэтому субъект действия может представляться здесь весьма неопределенно и порой даже может не быть реально очерчен: कहीं ऐसी बातें कही जाती हैं «Разве такие вещи говорят», दुनिया को डर में रखा जा सकता है «Мир можно держать в страхе». Однако субъект может выступать в составе предложения: लाल किला शाहजहाँ द्वारा बनवाया गया है «Красный форт построен Шахджаханом».

Кроме причастных и причастно-личных форм (मैं देखा जाता हूँ «Я видим»), в предикате могут выступать формы пассивного инфинитива или супина: पता साफ़-साफ़ लिखा जाना चाहिए «Адрес следует писать четко» или пассивного супина: घर बनाये जाने लगे «Начали строить дома». Здесь же может выступать пассивное причастие постоянного качества (причастие с морфемой वाला): उसको घोड़े पर सवार किया जाने वाला है «Его собираются посадить на лошадь».

Когда предикат выражается одиночным пассивным причастием, наличие связки является обязательным. Субъект в таких конструкциях проявляется редко. Здесь наряду с орудийными послелогами употребляется и послелог का : यह मस्जिद हुमायूँ बादशाह का बनाया है «Эта мечеть построена падишахом Хумаюном». Наряду с простым причастием здесь может выступать и составное: किताबें अलमारी में रखी हुई हैं «Книги поставлены в шкафу». Кроме простых связок, здесь могут употребляться и составные: इसमें कुछ भी तो नहीं लिखा होता था «На нем обычно ничего не писалось». Наряду с оди-

ночным причастием может выступать и образованный на его основе инфинитив: ऐसी बातें अवश्य लिखी होनी चाहिए «Эти слова должны быть обязательно написаны».

ПК, образованную на основе причастий-прилагательных, можно считать идентичной предыдущей: यह भवन सैनिकों द्वारा सुरक्षित है «Это здание охраняется военными». Причастия-прилагательные могут осложняться пассивным причастием от глагола करना : यह भवन सैनिकों द्वारा सुरक्षित किया जाता है «Это здание охраняется военными». В отличие от ПК, образованных аналитическим причастием, конструкции с причастиями-прилагательными всегда выступают с немаркированным объектным подлежащим: वह संसद में निर्वाचित है «Он избран в парламент» (*ср.* उसे संसद में चुना गया है).

Инфинитивная конструкция.

Инфинитивная конструкция (ИК) представлена в хинди устойчивой структурой, где инфинитив в левой части предложения передает синтаксическую функцию топика, сообщающего старую информацию, а правая часть выражает синтаксическое значение комментария, вводящего новую информацию о потенциальном действии, обозначенном инфинитивом. Инфинитив в ИК обладает большой самостоятельностью, что особенно наглядно проявляется в тех случаях, когда обе части предложения разделяются интонационной паузой, что на письме обозначается запятой: उसका होना, नहीं होने के बराबर है «Его присутствие равносильно отсутствию» (*букв.* «его быть равно не быть»).

В составе комментария здесь употребляются три лексические группы слов: 1) существительное с определением (в таких случаях предикат, как правило, координируется не с инфинитивом, а с присвязочным словом, что делает комментарий структурно тождественным простому предложению): यहाँ से पत्र भेजना मुश्किल बात थी «Отправлять отсюда письма было трудным делом», साम्राज्य का उखाडा जाना ऐतिहासिक

आवश्यकता थी «Уничтожение [этой] империи было исторической необходимостью», 2) оценочный адъектив, передающий оценочно-квалификативную характеристику потенциальному действию инфинитива आक्रमणकारियों को निकाल बाहर करना उनके लिए मुश्किल नहीं होगा «Изгнать агрессоров для них не будет трудно», कम से कम एक आदमी का सुरक्षित बचे रहना आवश्यक है «Сохранить (спасеным), по крайней мере, одного человека является обязательным», 3) инфинитив, передающий модально-оценочную характеристику действия инфинитива-топика: तंबाकू पीना स्वास्थ्य को नष्ट करना है «Курить – здоровью вредить», आक्रमणकारी को निकाल बाहर करना देश को बचाना है «Прогонять агрессора – спасать страну».

Инфинитив в топике может быть выражен: 1) аспектуальным глаголом: इस मौसम में बर्फ़ का लगातार गिरते रहना कोई निराली बात नहीं थी «Постоянное выпадение снега в этом сезоне не было удивительным делом», 2) аналитическим пассивным причастием: राजस्थान के मुख्य मंत्री का बदला जाना निश्चित था «Было решено сменить главного министра Раджастхана», 3) модальным глаголом: मुश्किलों को हटा सकना आसान नहीं होगा «(Мочь) устранить трудности будет нелегко», 4) глагольным монолитом: इन विचारों का पैदा हो जाना स्वाभाविक बात थी «Появление таких мыслей было естественным делом», 5) именно-глагольным сочетанием: इस वंश का उच्छेद करना ऐतिहासिक जरूरत नहीं थी «Уничтожение этой династии не было исторической необходимостью».

ИК является полипредикативной, поскольку состоит из двух предикативных центров: инфинитива-топика, передающего потенциальное действие и могущего иметь свой субъект, и комментария, указывающего в своей связочной части на временной план всего предложения и также могущего иметь свой субъект. Субъект инфинитива-топика обычно представлен суб-

стантивом с послелогм का или орудийным послелогом: राम का आना जθरूरी नहीं था «Приезд Рамы не был обязательным», पिता के हाथों मारा जाना स्वाभाविक बात थी «Быть избитым отцом было обычным делом». В комментарии чаще всего выступает дативный субъект, который может располагаться как в самом комментарии, так и выноситься в начало предложения: ऐसा चला जैसे पैर उठाना उसे भारी हो रहा था «Пошел так, как будто передвигать ноги ему было очень тяжело», मंत्री को अपने सुझाव को बचाना भारी पडθ रहा है «Министру трудно спасти свое предложение».

पाठ

प्रथम स्वतंत्रता युद्ध

"स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है"
बाल गंगाधर तिलक
"स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम
आप कर लेता है" विनोबा भावे

सन् १८५७ का विद्रोह – लार्ड डलहौजθी के भारत से जाने के बाद लार्ड कैनिंग गवर्नर-जनरल नियुक्त किया गया । उसे आश्वासन दिया गया था कि फिलहाल कुछ वर्षों के लिए अब भारत में हथियार उठाने की आवश्यकता नहीं पडθेगी, लेकिन सन् १८५७ में उसे एक ऐसी भयंकर आपत्ति का सामना करना पडा जैसी पहले कभी उपस्थित नहीं थी । कुछ लोगों ने उसे केवल सिपाही-विद्रोह बताया है और कहा कि सचमुच उसका मूल कारण सैनिकों का असंतोष था । कुछ लोगों ने कहा कि सचमुच यह विद्रोह मुसलमानों द्वारा किया गया एक षड्यंत्र था जिसका उद्देश्य मुगल साम्राज्य को पुन:जीवित करना था । इन षड्यंत्रकारियों ने ही लोगों को भडकाकर यह उपद्रव खडθा किया था । कुछ लोगों ने इसे भारतीय स्वतंत्रता का प्रथम

संग्राम कहा और उन्होंने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया कि यह गदर हिन्दुओं-मुसलमानों का संयुक्त उद्योग था जिसका उद्देश्य अंग्रेजी राज्य को उखाडθ फेंकना और मुगल सम्राट तथा पेशवा की शक्ति को नये सिरे से स्थापित करना था । अधिकतर विद्वानों को इसमें एक भी मत पूर्णत: मान्य नहीं है । उनका मत यह है कि १८५७ का विद्रोह कई कारणों से पैदा हुए असंतोष का फल था । असंतोष के कुछ कारण राजनीतिक थे, कुछ सामाजिक तथा धार्मिक और कुछ सैनिक । इन कारणों में से कौनसा अधिक प्रभावशाली हुआ, यह कहना सरल नहीं है । परन्तु अब यह धारणा दृढθ हो गयी है कि यह प्रथम अवसर था जब जाति-धर्म के भेद को भूलकर भारतीयों ने अंग्रेजθी सरकार को समूल नष्ट करने के हेतु एक अखिल भारतीय संयुक्त मोर्चा स्थापित किया था ।

राजनीतिक कारण – लार्ड डलहौजθी के समय में अवध, पंजाब, नागपुर, सतारा, झांसी आदि कई राज्य भिन्न-भिन्न आधारों पर अंग्रेजी राज्य में मिला लिये गये थे । इस कारण जिन लोगों को राजगद्दी से वंचित किया गया वे और उनके साथी असंतुष्ट हो गये । इन राज्यों की प्रजा में भी असंतोष फैल गया । दूसरे, इन राज्यों का अंत होने से दूसरे देशी राज्यों में भी कुछ अशांति फैलने लगी ।

डलहौजθी ने बहुत से राज्यच्युत राजाओं और नवाबों के वंशजों की पेंशनें भी बंद कर दी थीं । उसने मुगल सम्राट की नाममात्र की सत्ता को भी नष्ट करने का निश्चय कर लिया था । इस कारण भी बहुत से लोगों में असंतोष फैला था ।

तीसरे, अंग्रेजθी राज्य कायम हो जाने के बाद भारतीयों को ऊंचे ओहदे मिलना बंद हो गया था । इस कारण मध्यम श्रेणी के लोगों में भी असंतोष था । अवध के ताल्लुकेदारों और बंगाल तथा बंबई के जθमींदारों के अधिकारों की नये सिरे से जाँच करायी गयी थी और जो लोग अपना अधिकार सिद्ध नहीं कर सके थे उनकी भूमि छीन ली गयी थी । अवध के कई

हजθार गाँव इस प्रकार छीन लिये गये । बंबई में लगभग बीस हजθार छोटी रियासतें जθब्त कर ली गयी थीं । इस कारण भी असंतुष्ट लोगों की संख्या में वृद्धि हुई ।

धार्मिक तथा राजनीतिक कारण – कंपनी ने सामाजिक तथा सांस्कृतिक उन्नति के जो प्रयत्न किये उनसे भी असंतोष बढθा । सती प्रथा को रोकने, विधवाओं को पुनर्विवाह की आज्ञा देने, धर्म-परिवर्त्तन के बाद भी पैतृक संपत्ति पर अधिकार बना रहने तथा बाल-हत्या के बंद करने के नियमों से प्रजा असंतुष्ट थी । वह इनको सामाजिक सुधार नहीं वरन् सामाजिक पतन का लक्षण मानती थी । अंग्रेजθी शिक्षा के लिए जो स्कूल और कालेज खुले थे उनमें से अधिकांश ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित थे । उनमें ईसाई धर्म की अनिवार्य शिक्षा दी जाती थी और इस्लाम तथा हिन्दू धर्म की निंदा की जाती थी । इस कारण जो शिक्षा-प्रचार की योजनाएँ बनीं उनको भी लोगों ने ईसाई बनाने का उपाय मात्र माना । मिशनरियों को सरकार की ओर से बहुत सी सुविधाएँ दी जाती थीं । यह बात भी लोगों को अप्रिय मालूम होती थी । सरकार की ओर से जो अस्पताल खोले गये थे उनको भी ईसाई बनाने का उपाय बताया गया क्योंकि वहाँ छुआछूत का विचार बहुत कम रहता था । रेल, तार की उन्नति को भी प्रजा ने पसंद नहीं किया । वे समझते थे कि इनके द्वारा सरकार उनको बाँध लेना चाहती है । इस प्रकार धार्मिक असंतोष के अनेक कारण मौजूद थे ।

सैनिक कारण – भत्ते के प्रश्न पर सेना में १८४४ और १८५२ के बीच में कई बार विद्रोह हो चुके थे, लेकिन वे दबा दिये गये थे । सैनिकों को यह विश्वास था कि साम्राज्य के निर्माता वे ही लोग थे और ब्रह्मा, पंजाब तथा अपφगानिस्तान के युद्धों के बाद वे यह भी अनुभव करने लगे थे कि अंग्रेजθ अपφसर कापφी अयोग्य हैं । भारतवर्ष के बाहर चीन और क्रीमिया की लडθाइयों में भी अंग्रेजθ सेनापतियों ने कापφी अयोग्यता दिखायी थी । इस कारण सिपाहियों का साहस और

भी बढθ गया और वे सोचने लगे कि अंग्रेजθों का निकाल बाहर करना उनके लिए कठिन नहीं होगा । दिल्ली और इलाहाबाद के किलों में केवल भारतीय सिपाही थे और इलाहाबाद से कलकत्ते तक केवल दानापुर में अंग्रेजθ सैनिक थे । शेष सभी स्थानों में भारतीय सैनिक ही थे । दुर्भाग्य से इसी समय कैनिंग ने दो ऐसे नियम चलाये जिनके कारण सिपाहियों का असंतोष विद्रोह के रूप में उबल पडθा । पहली बात तो यह थी कि उसने यह नियम बनाया कि प्रत्येक सैनिक को जहाँ आज्ञा दी जाएगी वहीं जाना पडθेगा । इसका अर्थ यह हुआ कि उच्च वर्ण वाले हिंदू या तो समुद्र-यात्रा करके अपना धर्म नष्ट करें या अपनी नौकरी से हाथ धोयें । इसके बाद नयी राइपφलें ली गयीं जिनका कारतूस दाँत से काटना पडθता था । कारतूस के ऊपर कुछ चर्बी लगी थी । लोगों ने यह अपφवाह फैला दी कि उसमें सूअर और गाय की चर्बी का प्रयोग किया गया है । इस कारण उनको दाँत से काटने में हिंदू-मुसलमान दोनों ही धर्म-भ्रष्ट हो जाएँगे ।

युद्ध का प्रारम्भ – विद्रोह का आरम्भ मार्च सन् १८५७ में हुआ जहाँ मंगल पांडे और उनके साथियों ने कारतूस को चलाने से इंकार कर दिया । विद्रोह बहुत तेजθी से फैल गया । मई मास में मेरठ के भारतीय सैनिकों ने विद्रोह किया । उन्होंने खθजाना लूट लिया, अपने अपφसरों को मार डाला और उनके घर जला दिये और दिल्ली पर अधिकार करके बूढθ बहादुरशाह को फिर मुगल सम्राट घोषित किया । आस-पास के हिंदू-मुसलमान दिल्ली में इकट्ठा होने लगे और जो अंग्रेजθ इधर-उधर फैले हुए थे वे भाग गये या मार डाले गये ।

लखनऊ – लखनऊ के आस-पास पφैजθाबाद के मौलवी अहमदशाह और अवध की बेगमों के प्रभाव से कापφी अशांति फैल गयी । हैनरी लारेंस ने रेजीडेंसी में छिपकर विद्रोहियों का वीरता के साथ सामना किया । यद्यपि उसकी मृत्यु हो गयी तथापि रेजीडेंसी पर विद्रोहियों का अधिकार नहीं हो सका ।

कानपुर - कानपुर की छावनी पर बिठूर के नाना साहब (बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र जिसकी पेंशन डलहौजθी ने बंद कर दी थी) के साथियों ने हमला किया । अंग्रेजθ हार गये, बहुत से मर गये और बचे-खुचे भाग निकले, लेकिन मार्ग में वे भी काल के ग्रास हुए । नाना साहब ने लखनऊ के विद्रोहियों और दिल्ली के विद्रोहियों से सम्पर्क स्थापित करने की चेष्टा की । इस प्रकार कानपुर भी विद्रोहियों का एक प्रधान गढθ बन गया ।

झांसी – बुंदेलखंड में बांदा के नवाब, जालौन के राजा और झांसी की रानी तथा तांत्या टोपे के प्रभाव से एक भीषण उपद्रव खडθा हो गया । इस का केंद्र झांसी था । मार-काट, हत्या आदि का बाजθार गर्म हो गया और चारों ओर अशांति फैल गयी ।

सरकार के सहायक - राजस्थान, पंजाब, दक्षिण भारत और मध्य प्रांत में भी कुछ छिटफुट विद्रोह हुए, लेकिन वे शीघ्र ही दबा दिये गये । बंगाल और बिहार में जगदीशपुर के राजा कुंवर सिंह की अध्यक्षता में कापθी विद्रोह फैला और बहुत दिन तक चलता रहा, लेकिन यह विद्रोह देशव्यापी नहीं था । दक्षिण का अधिकांश भाग इससे अछूता रह गया और निजθाम के प्रधान मंत्री सालारजंग ने विद्रोह के दबाने में बहुत सहायता की । सिंधिया और उसके मंत्री दिनकर राव ने सरकार को बहुत सहायता दी जिसके कारण मध्य भारत का विद्रोह शांत करने में बहुत सुविधा हुई । भोपाल की बेगम ने भी कापθी सहायता दी । कश्मीर के राजा गुलाबसिंह और पटियाला, कपूरथला तथा झींद के सिक्ख शासकों ने भी सरकार की बहुत सहायता की । इसी भांति नेपाल के प्रधान मंत्री जंग बहादुर ने भी गोरखों की पल्टन भेजकर बहुत सहायता की ।

इन बडेθ-बडθे राज्यों के अतिरिक्त प्राय: सभी भारतीय कर्मचारी और अधिकतर जमींदार भी सरकार के भक्त बने रहे । बहुत से लोगों ने अंग्रेजθों को अपने घरों में छिपाकर

उनकी प्राण-रक्षा की और अवसर मिलने पर उनको अधिक सुरक्षित स्थानों में पहुँचा दिया ।

विद्रोह का दमन - सरकार ने इंग्लेंड से सैनिक भेजने का प्रबंध किया और बंबई तथा मद्रास की सेनाएँ भी उत्तरी भारत की ओर रवाना हुईं । सिक्खों, गोरखों और स्वामिभक्त देशी नरेशों की सहायता से सन् १८५८ के अंत तक विद्रोहियों का दमन कर दिया गया और एक-एक करके उनके सभी गढθ छीन लिये गये । टेलर और मेजर आयर ने बिहार विद्रोह शांत किया । नील और केम्पबेल ने कानपुर और लखनऊ पर अधिकार कर लिया और उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों में शांति स्थापित की । ह्यू रोजθ ने मध्य भारत का और निकलसन ने दिल्ली का विद्रोह शांत किया । इस प्रकार प्राय: सभी स्थानों पर सरकार का दबदबा जम गया । विद्रोह शांत करने में सरकारी सैनिकों ने खूθब बर्बरता दिखायी और यह कहना कठिन है कि निरापराध स्त्रियों, बच्चों और शांतिपूर्वक रहने वाले नागरिकों के साथ किस सरकारी दल ने अधिक अत्याचार किया ।

विद्रोहियों के नेताओं में से नाना साहब पता नहीं कहाँ भाग गया । बहादुरशाह गिरपθ्तार किया गया और रंगून भेज दिया गया जहाँ वह १८६२ में मर गया । झांसी की रानी लडθती हुई मारी गयी और तांत्या टोपे अनेक यातनाओं के बाद मार डाला गया ।

महारानी का घोषणापत्र – इंग्लेंड में इस विद्रोह का संपूर्ण उत्तरदायित्व कंपनी के ऊपर रखा गया । इसलिए यह निश्चय हुआ कि कंपनी का अंत कर दिया जाये और शासन का संपूर्ण अधिकार महारानी विक्टोरिया अपने हाथ में ले लें । यह घोषणा नवम्बर १८५८ में की गयी । इसमें कई धाराएँ ऐसी थीं जिनके द्वारा विद्रोहात्मक भावों को शांत करने में सहायता मिली । विद्रोहियों को आश्वासन दिया गया कि यदि वे पहली जनवरी १८५९ तक आत्मसमर्पण कर देंगे या विद्रोह बंद कर देंगे तो

उनको साधारण रूप से कोई दंड नहीं दिया जाएगा, केवल वे जिन्होंने अंग्रेजों का वध किया हो अथवा जिन्होंने ऐसे हत्यारों को प्रोत्साहन किया हो या उनकी सहायता की हो दंड के भागी होंगे ।

स्वतंत्रता युद्ध की असफलता के कारण – इस घोषणा का प्रभाव बहुत अच्छा पडθ और विद्रोह शीघ्र ही शांत हो गया । एक समय में यह विद्रोह बहुत ही भयंकर रूप धारण कर चुका था, लेकिन इसके कारण अंग्रेजθी राज्य की नींव हिल न सकी । इस असफलता के मुख्य कारण चार हैं । विद्रोहियों में कोई संयुक्त योजना नहीं थी और न उनका कोई एक नेता ही था जो कि उनके कार्यों को किसी एक उद्देश्य के हिसाब से संचालित करता । विद्रोहियों का कोई एक उद्देश्य भी नहीं था । बहुतेरे नेता केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए लडθ रहे थे । दूसरे, विद्रोहियों ने जनता की सहानुभूति प्राप्त करने की चेष्टा नहीं की । इन्होंने लूट-मार करके जनता को अपनी विरोधी बना लिया । तीसरे, अंग्रेजθ हाकिमों ने बडθ धैर्य, साहस तथा दृढθता से कार्य किया । उनके पास हथियार कहीं अच्छे थे । उन्होंने आने-जाने के मार्गों पर अधिकार करके नियमित रूप से विद्रोहियों का दमन किया । चौथे, बहुत से भारतीय नरेशों, सिक्खों, गोरखों, जमींदारों और सरकारी कर्मचारियों ने भी सरकार को सहायता दी ।

युद्ध से लाभ – लेकिन यह प्रयत्न पूर्णतया असफल नहीं रहा । यह सत्य है कि झांसी की रानी, पेशवा, मुगल सम्राट तथा अन्य छोटे राजा, नवाब अपने पुराने राज्य प्राप्त करने में पूर्णतया असफल रहे तो भी दूसरे भारतीय नरेशों के अधिकार अधिक सुरक्षित हो गये और सरकार ने गोद लेने की प्रथा को स्वीकार कर लिया । धार्मिक असंतोष के कारणों को दूर करने का प्रयत्न किया गया और भारतीयों के लिए सभी ऊँचे पदों का द्वार खोल दिया गया । सरकार ने अपनी नीति अधिक उदार बना दी और भारतीयों को संतुष्ट करने का विशेष प्रयत्न

किया । इस कारण यह कहना भूल होगी कि विद्रोह पूर्णतया असफल रहा ।

नये शब्द

अखिल **акхил** 1) весь; 2) полный, целый

अछूता **ачхута** 1) нетронутый; 2) непочатый, девственный

अतिरिक्त **атирикт** 1. 1) добавочный, дополнительный; 2) излишний; 2. *посл.* сверх, кроме

अत्याचार **атйачар** *м.* 1) насилие; угнетение; произвол; 2) жестокость; ~ करना притеснять; угнетать

अथवा **атхва** или; и

अध्यक्षता **адхйакшата** *ж.* 1) руководство; 2) председательство; ~ करना а) руководить; б) председательствовать; ~ में под руководством (की *кого-л.*)

अनिवार्य **аниварйа** 1) неизбежный; неотвратимый; 2) безусловный; обязательный

अन्य **анйа** другой, иной

अप्रिय **априй** неприятный, противный

अफ़वाह **афвах** *ж.* слух; сплетня

अफ़सर **афсар** *м.* 1) офицер; 2) чиновник

अयोग्य **айогйа** 1) негодный, непригодный; 2) неспособный

अयोग्यता **айогйата** *ж.* 1) негодность, непригодность; 2) неспособность

अशांति **ашанти** *ж.* 1) беспокойство, тревога; 2) беспорядки, волнения; 3) отсутствие мира

असंतुष्ट **асантушт** 1) недовольный; 2) неудовлетворенный

असंतोष **асантош** *м.* 1) недовольство; 2) неудовлетворенность

असफल **асапхал** безрезультатный, бесплодный

आज्ञा **агйа** *ж.* 1) приказ, приказание; распоряжение; 2) разрешение, позволение; ~ देना а) приказывать; б) разрешать

आत्मसमर्पण **атмасамарпан** *м.* капитуляция; сдача в плен; ~ करना капитулировать; сда- ваться в плен

आपत्ति **апати** *ж.* 1) несчастье, беда; 2) возражение; протест

आश्वासन **ашвасан** *м.* 1) уверение, заверение; 2) успокаивание, утешение; ~ देना а) уверять, заверять; б) успокаивать

इंकार (इनकार) **инкар** *м.* отказ; ~ करना отказывать[ся]

इकट्ठा **икаттха** собранный, накопленный

ईसाई **исаи** 1. христианский; 2. *м.* христианин

उत्तरदायित्व **уттардайитва** *м.* ответственность

उदार **удар** 1) великодушный; 2) либеральный; 3) умеренный; ~ बनाना либерализировать

उद्देश्य **уддешйа** *м.* 1) цель; намерение; 2) дело

उपद्रव **упдрав** *м.* мятеж, бунт; восстание

उपाय **упай** *м.* 1) способ, средство; 2) мероприятие, мера; ~ करना принимать меры

ओहदा **охда** *м.* должность, пост

कठिन **катхин** 1) тяжелый, трудный; 2) суровый, непреклонный

कारतूस **картус** *м.* патрон; гильза

कालेज **каледж** *м.* колледж

खθजθाना **кхазана** *м.* 1) казна; казначейство; 2) сокровищница

गदर **гадар** *м.* мятеж, бунт

गवर्नर **гаварнар** *м.* губернатор

गिरपθ्तार **гирафтар** арестованный; задержанный

गोद **год** *ж.* 1) место на коленях (*сидящего*); 2) грудь

गोरखा **горкха** *м.* 1) гуркха (*народ в Непале*); 2) гуркха (*представитель народа гуркхов*)

ग्रास **грас** *м.* количество пищи во рту

घोषणा **гхошна** *ж.* 1) провозглашение; объявление; 2) манифест; декларация; ~ करना провозглашать; заявлять

घोषणापत्र **гхошнапатр** *м.* манифест; декларация (*документ*)

घोषित **гхошит** провозглашенный; объявленный

चर्बी **чарби** *ж.* сало, жир

चेष्टा **чешта** *ж.* 1) старание, усилие; 2) попытка; ~ करना а) стараться; б) пытаться

च्युत **чйут** 1) лишившийся; 2) отстраненный; уволенный

छिटफुट **чхитпут** 1) разрозненный; 2) отдельный; обрывочный

छिपाना **чхипана** *п.* 1) прятать; скрывать; 2) прикрывать

छुआछूत **чхуачхут** *ж.* прикосновение к неприкасаемому

जनरल **джанарал** 1. всеобщий; генеральный; 2. *м.* генерал

जन्मसिद्ध **джанмсиддх** 1) прирожденный, врожденный; 2) наследственный

जθब्त **забт** 1) сдержанный, подавленный; 2) конфискованный

जलाना **джалана** *п.* 1) зажигать; 2) сжигать; обжигать

जीवित **дживит** 1) оживший; 2) живой

जθमींदार **заминдар** *м.* землевладелец, помещик, заминдар

ताल्लुकेदार **таллукедар** *м.* крупный помещик, таллукедар

दंड **данд** *м.* 1) палка; дубинка; 2) наказание, кара; 3) штраф

दत्तक **даттак** *м.* приемный сын

दबदबा **дабдаба** *м.* 1) засилие; 2) превосходство

दबाना **дабана** *п.* 1) раздавливать; 2) нажимать, надавливать

दमन **даман** *м.* 1) подавление; 2) гнет, угнетение, притеснение

दुर्भाग्य **дурбхагйа** *м.* несчастье, беда; ~ से к несчастью, на беду

दृढθ **дрирх** 1) крепкий; 2) прочный; 3) сильный, могучий

दृढθता **дрирхта** *ж.* 1) прочность; крепость; 2) твердость; 3) стойкость

धैर्य **дхайрйа** *м.* 1) самообладание, выдержка; 2) мужество, стойкость

धारण **дхаран** *м.* 1) держание, удерживание 2) принятие, прием; ~ करना принимать; удерживать

धारणा **дхарна** *ж.* представление, понятие; воззрение

धारा **дхара** *ж.* 1) поток; течение; 2) статья; раздел

नरेश **нареш** *м.* князь; правитель

नागरिक **нагарик** 1. 1) городской; 2) гражданский; 2. *м.* 1) горожанин; 2) гражданин

निंदा **нинда** *ж.* порицание, осуждение; ~ करना порицать, осуждать

निजθाम **низам** *м. зд. ист.* низам (*титул правителя Хайдерабада*)

नियम **нийам** *м.* 1) правило; закон; 2) *мн.* устав; 3) обыкновение, обычай

नियमित **нийамит** 1) регулярный; 2) закономерный

नियुक्त **нийукт** назначенный

निरापराध **нирапарадх** невинный, безвинный

निर्माता **нирмата** *м.* созидатель, творец

निश्चय **нишчай** *м.* решение, постановление; ~ करना решать

नींव **нив** *ж.* основа, основание; фундамент

नौकरी **наукри** *ж.* служба

पद **пад** *м.* 1) след; 2) шаг; 3) звание; ранг; 4) пост; должность

परिवर्त्तन **паривартан** *м.* 1) перемена, изменение; 2) переворот; ~ करना изменять

पल्टन **палтан** *ж.* воинский отряд

पुत्र **путр** *м.* сын

पुन: **пунах** 1) снова, опять; 2) потом, затем

पूर्णत: **пурнатах** полностью, целиком, совершенно

पूर्णतया **пурнтайа** *см.* पूर्णत:

पेशवा **пешва** *м.* 1) вождь, глава; 2) пешва (*первый министр, а потом феодальный правитель у маратхов*)

पैतृक **пайтрик** 1) отцовский; 2) унаследованный

प्रचार **прачар** *м.* 1) распространение; 2) пропаганда; агитация; ~ करना распространять

प्रथा **пратха** *ж.* 1) традиция; 2) обычай; 2) система, строй

प्रभाव **прабхав** *м.* 1) воздейст- вие, эффект; 2) влияние; 3) впечатление

प्रभावशाली **прабхавшали** 1) действенный, эффективный; 2) влиятельный; 3) авторитетный

प्रयोग **прайог** *м.* 1) употребление; применение, использование; 2) практика; 3) опыт, эксперимент; ~ करना использовать, применять

प्रश्न **прашн** *м.* вопрос; проблема

प्राण **пран** *м.* 1) воздух; 2) дыхание; 3) жизнь

प्रोत्साहन **протсахан** *м.* 1) поощрение, стимулирование; 2) поддержка, ободрение; ~

करना поощрять; поддерживать

पिफलहाल **филхал** *м.* в настоящее время, ныне

फेंकना **пхекна** *п.* бросать, метать, швырять

फैलाना **пхайлана** *п.* 1) распространять; 2) протягивать; простирать; вытягивать

बर्बरता **барбарта** *ж.* 1) варварство, дикость; 2) жестокость

बहुतेरा **бахутера** многочисленный

बाल **бал** *м.* мальчик

भक्त **бхакт** 1. 1) верующий; 2) почитающий; 2. *м.* 1) почитатель; 2) приверженец, сторонник

भडθकाना **бхаркана** *п.* 1) поджигать; 2) воодушевлять; 3) подстрекать, провоцировать

भत्ता **бхатта** *м.* 1) надбавка; 2) подъемные; командировочные

भयंकर **бхайанкар** страшный, ужасный

भागना **бхагна** *нп.* 1) бежать; 2) убегать, спасаться

भागी **бхаги** *м.* 1) участник; 2) партнер; компаньон

भाव **бхав** *м.* 1) чувство; 2) существование, бытие

भूल **бхул** *ж.* 1) заблуждение, ошибка; 2) опечатка

भेद **бхед** *м.* 1) тайна, секрет; 2) разница, различие; 3) дискриминация

मध्यम **мадхйам** средний

महारानी **махарани** *ж.* королева; царица; махарани

मात्र **матр** лишь, только

मान्य **манйа** 1) почитаемый; 2) приемлемый

मार-काट **мар-кат** *ж.* резня, бойня

मास **мас** *м.* месяц

मिशनरी **мишанари** 1. миссионерский; 2. *м.* миссионер

मृत्यु **мритйу** *ж.* смерть

मोर्चा **морча** *м.* 1) фронт; 2) окоп, траншея; 3) укрепление

मौलवी **маулави** *м.* маулави (*знаток мусульманского права*)

यदि **йади** если

यातना **йатна** *ж.* страдание, мука

योजना **йоджна** *ж.* план, программа

राइपफल **раифал** *ж.* винтовка

राजगद्दी **раджгадди** *ж.* трон, престол

रियासत **рийасат** *ж.* княжество

रेजθीडेंसी **резиденси** *ж. ист.* военный городок

लक्षण **лакшан** *м.* 1) знак, признак; 2) отличительная черта

लाभ **лабх** *м.* 1) польза, выгода; 2) доход; прибыль; 3) благо

लार्ड **лард** *м.* лорд

लूटना **лутна** *п.* 1) грабить; 2) расхищать; 3) присваивать

लूट-मार **лут-мар** *ж.* грабеж и убийство; ~ करना грабить и убивать

वंचित **ванчит** лишенный

वध **вадх** *м.* 1) убийство; 2) забой (*скота*); ~ करना убивать

वरन् **варан** 1) а; 2) но и; более того; 3) наоборот, напротив

वर्ण **варн** *м.* 1) цвет, окраска; 2) варна; каста; 3) буква

विद्रोह **видрох** *м.* восстание; мятеж, бунт; ~ करना поднимать восстание, восставать

विद्रोहात्मक **видрохатмак** пов- станческий; мятежный

विद्रोही **видрохи** 1. 1) мятежный; восставший; 2) повстанческий; 2. *м.* мятежник; повстанец

विधवा **видхва** *ж.* вдова

विरोधी **виродхи** 1. 1) противоположный, противный; 2) враждебный; 2. *м.* противник, враг

विवाह **вивах** *м.* брак, супружество; ~ करना вступать в брак

वृद्धि **вриддхи** *ж.* 1) рост, увеличение; 2) прибавление; ~ करना увеличивать

व्यक्तिगत **вйактигат** 1) личный; 2) частный; 3) индивидуальный

व्यापी **вйапи** охватывающий

शांत **шант** 1) утихший; 2) успокоенный, спокойный; 3) мирный

शांतिपूर्वक **шантипурвак** мирно

शेष **шеш** 1. 1) остающийся, остальной; 2) последний, конечный; 2. *м.* 1) остаток; 2) конец, окончание

षड्यंत्र **шадйантр** *м.* заговор

षड्यंत्रकारी **шадйантркари** 1. заговорщицкий; 2. *м.* заговорщик

संग्राम **санграм** *м.* 1) борьба; 2) сражение, битва; ~ करना вести борьбу

संचालित **санчалит** 1) приведенный в движение; 2) руководимый, управляемый

संतुष्ट **сантушт** 1) удовлетворенный, довольный; 2) согласный

संपत्ति **сампатти** *ж.* 1) имущество, собственность; 2) богатство

संयुक्त **санйукт** 1) соединенный, объединенный; 2) сложный

सती **сати** *ж. ист.* сати

सत्य **сатйа** *м.* 1) правда, истина; 2) реальность, действительность

समूल **самул** 1. коренной, кардинальный; 2. окончательно

सरल **сарал** 1) прямой, искренний; 2) простой; 3) легкий

सहानुभूति **саханубхути** *ж.* 1) сострадание, сочувствие; 2) симпатия

सामना **самна** *м.* 1) встреча лицом к лицу; 2) сопротивление; борьба; ~ करना противостоять; сопротивляться

सामाजिक **самаджик** общественный, социальный

सिक्ख **сиккх** *м.* сикх

सिद्ध **сиддх** 1) завершенный; 2) доказанный, установленный; 3) решенный

सिपाही **сипахи** *м.* 1) *ист.* сипай; 2) солдат, воин - сипахи

सिरा **сира** *м.* 1) конец; край; 2) начало; 3) вершина, верхушка

सूअर **суар** *м.* свинья

सेना **сена** *ж.* армия, войско

स्वामिभक्त **свамибхакт** преданный, верный; законопослушный

स्वार्थ **свартх** *м.* личная цель; личная выгода, корысть

स्वीकार **свикар** *м.* 1) признание; 2) принятие, одобрение; ~ करना принимать, одобрять

हत्या **хатйа** *ж.* убийство; ~ करना убивать

हत्यारा **хатйара** *м.* убийца

हथियार **хатхийар** *м.* 1) оружие; вооружение; 2) орудие

हाकिम **хаким** *м.* 1) правитель; 2) начальник; 3) господин, хозяин

हिलना **хилна** *нп.* 1) качаться, колебаться; 2) шевелиться

हिसाब **хисаб** *м.* 1) подсчет; 2) бухг. счет; 3) оценка

भौगोलिक नाम

अफ़गानिस्तान Афганистан

इंग्लेंड Англия

कपूरथला *г.* Капуртхала (*ш. Панджаб*)

कानपुर *г.* Канпур (*ш. Уттар Прадеш*)

क्रीमिया Крым

जगदीशपुर *г.* Джагдишпур (*ш. Бихар*)

जालौन *г.* Джалаун (*ш. Уттар Прадеш*)

झांसी *г.* Джханси (*ш. Уттар Прадеш*)

झींद *г.* Джхинд (*ш. Харияна*)

दानापुर г. Данапур (*ш. Бихар*)

लखनऊ *г.* Лакхнау (*адм. центр ш. Уттар Прадеш*)

नागपुर *г.* Нагпур (*ш. Махараштра*)

पटियाला *г.* Патиала (*ш. Панджаб*)

फ़ैजाबाद *г.* Фаизабад (*ш. Уттар Прадеш*)

बांदा *г.* Банда (*ш. Уттар Прадеш*)

बिठूर *г.* Битхур (*ш. Уттар Прадеш*)

बैरकपुर Байракпур (*военный городок близ Калькутты*)

भोपाल *г.* Бхопал (*адм. центр ш. Мадхья Прадеш*)

मेरठ *г.* Мератх (*ш. Уттар Прадеш*)

सतारा *г.* Сатара (*ш. Махараштра*)

निजी नाम

अवध Аудх (*ист. провинция в ш. Уттар Прадеш*)

कुंवर सिंह Кунвар Синх (*правитель Джагдишпура*)

कैनिंग лорд Кэннинг, первый вице-король Индии (1856-1862)

गुलाबसिंह Гулабсинх (*первый правитель Кашмира из племени догра, умер в 1857г.*)

डलहौजी Дальхаузи (*последний генерал-губернатор Индии, 1848-1856*)

तांत्य टोपे Тантья Топе (*маратский военачальник, активный участник событий 1857 г.*)

नाना साहब Нана Сахаб (*настоящее имя Дхондхо Пант, один из руководителей событий 1857 г.*)

बहादुरशाह Бахадуршах (*последний император могольской династии, 1837-1858*)

बाल गंगाधर तिलक Бал Гангадхар Тилак (1857-1920), один из видных борцов за свободу Индии

बुंदेलखंड Бунделкханд (*ист. провинция, большая часть в ш. Уттар Прадеш, меньшая – в Мадхья Прадеш*)

ब्रह्मा Брахма (*одно из названий Бирмы, теперь Мьянмы*)

मंगल पांडे Мангал Панде, сипай из Байракпура, 29 марта 1857г. призвал к восстанию, казнен англичанами

विनोबा भावे Виноба Бхаве (1895-1982), видный последователь М. Ганди

सालारजंग Саларджанг (1829-1883), премьер-министр низама Хайдерабада

सिंधिया (शिन्दे) династия Синдхия (Шинде) правителей Гвалиора

टिप्पणियाँ

1. गवर्नर-जनरल «генерал-губернатор»
2. हथियार उठाना «прибегать к оружию», «браться за оружие»
3. सिपाही विद्रोह «Сипайское восстание»
4. मूल कारण «основная (главная) причина»
5. उपद्रव खडा करना «поднимать восстание»
6. नये सिरे से «вновь», «снова»
7. मिलाना «присоединять» (*к чему-л.* में)
8. वंचित करना «лишать» (*чего-л.* से)
9. राज्यच्युत «лишенный княжества»
10. Субъектно-локативная конструкция предложения в хинди представляет собой устойчивое образование, состоящее из субъекта, выраженного именем существительным (как правило, личным) с послелогом में, циклического подлежащего, представленного абстрактным существительным, и бытийного глагола ह (होना) «быть»:

लोगों में असंतोष था «Люди были недовольны» (букв. «В людях было недовольство»; ср. लोग असंतुष्ट थे).

11. सती-प्रथा «обычай сати» (*обычай сжигать вдову – сати – в погребальном костре умершего мужа*)
12. पुनर्विवाह «повторный брак»
13. धर्म-परिवर्त्तन «смена религии»
14. बालहत्या «детоубийство» (*убийство новорожденных девочек в некоторых западных княжествах Индии*)
15. मात्र наречие-частица, ставится, как правило, после слова, к которому относится, иногда сливаясь с ним: नाममात्र «номинальный»
16. नियम चलाना (बनाना) «издавать (выпускать) закон»
17. समुद्र-यात्रा करना «совершать путешествие за пределы Индии»
18. धर्म नष्ट करना «осквернять религию»
19. हाथ धोना «лишаться» (*чего-л.* से)
20. कारतूस दांत से काटना «надрывать патрон зубами»
21. अफवाह फैलाना «распускать слух»
22. धर्म-भ्रष्ट «осквернивший религию»
23. बचा-खुचा «уцелевший», «оставшийся»
24. काल के ग्रास होना «погибать», «умирать»
25. बाजार गर्म होना а) «свирепствовать»; б) «идти полным ходом»; в) оживляться (*о торговле*)
26. प्राण-रक्षा करना «спасать жизнь»
27. अवसर मिलना «предоставляться» (*о случае, возможности*)
28. एक-एक करके «по одному», «по одиночке»
29. उत्तरदायित्व रखना «возлагать ответственность» (*на кого-л.* पर, के ऊपर)
30. हाथ में लेना «забирать в (свои) руки»
31. दंड का भागी होना «подвергаться наказанию»

32. प्रभाव डालना «оказывать влияние», प्रभाव पडθना «сказываться» (о влиянии)
33. रूप धारण करना «принимать форму (вид, облик)»
34. हिसाब से «исходя из» (*чего-л.* के)
35. आने-जाने के मार्ग «коммуникации»
36. गोद लेना «усыновлять», «удочерять»
37. दूर करना «устранять», «ликвидировать»
38. द्वार खोलना «предоставлять возможность», «открывать двери», «делать доступным»
39. भाग निकलना «убегать»; глагол निकलना является одним из новых глаголов-модификаторов, образующих интенсивные глаголы

पाठ के अभ्यास

१) निम्नलिखित शब्दसमुदायों का अनुवाद कीजिये ।

मंत्री को प्रतिनिधि नियुक्त करना, सेनापति को आत्मसमर्पण करने का आश्वासन देना, भयंकर आपत्ति का सामना करना, मुगल साम्राज्य को पुन:जीवित करना, प्रजा भडθकाना, षड्यंत्रकारियों का उद्देश्य, स्वतंत्रता का संग्राम, भूल सिद्ध करना, राज्य उखाडθ फेंकना, संयुक्त प्रयत्न, पूर्णत: मान्य मत, सामाजिक असंतोष, विद्रोह शांत करना, समूल नष्ट करना, धार्मिक धारणा, प्रभावशाली नरेश, अखिल भारतीय संयुक्त मोर्चा, मोर्चा स्थापित करना, रियासत राज्य में मिलाना, अधिकारों से वंचित करना, राजगद्दी से उतारना, नागरिक असंतोष, नाममात्र सत्ता, संख्या में वृद्धि करना, संपत्ति से हाथ धोना, बीमारी के लक्षण, अनिवार्य शिक्षा, आक्रमण की निंदा करना, मध्यम श्रेणी के नागरिक, कालेज संचालित करना, धर्म का प्रचार, निर्माण की योजना, योजना तैयार करना, संपति जθब्त करना, ऊँचे पद पर

नियुक्त करने का निश्चय करना, अप्रिय घटना, छुआछूत का पालन करना, सेना का अपϕसर, भत्ता प्रदान करना, गदर दबाना, अयोग्यता सिद्ध करना, दुर्भाग्य का सामना करना, छुआछूत से इंकार करना, कठिन कार्य, लडθाई के मैदान से भागना, अत्याचारों का सामना करना, खθजθाना लूटना, विद्रोहियों की मार-काट करना, विजित नगर में लूट-मार करना, पुत्र के रूप में गोद लेना, लूट-मार के कारण भाग निकलना, गणतंत्र घोषित करना, राइपϕल चलाना, पिϕल्म का निर्माता, बची-खुची शक्ति इकट्ठा करना, निरापराध लोगों की हत्या, षड्यंत्रकारियों को गिरपϕ्तार करना, हत्यारे को दंड देना, मृत्यु-दंड, मार-काट की छिटफुट घटनाएँ, विद्रोहात्मक भावों को कुचलना, विधान की धाराएँ, भारी उद्योग प्रोत्साहित करना, साधारण जनता, सहानुभूति अनुभव करना, उदार नीति बरतना, प्रजा को संतुष्ट करने की चेष्टा करना, आत्मसमर्पण स्वीकार करना, विरोधी भाव, धैर्य दिखाना, व्यक्तिगत स्वार्थ, आक्रमण असफल बनाना, नियमित सेना, कार्य संचालित करना, सत्य छिपाना, दृढθ नींव, घोषणापत्र जारी करना, शासन अपने हाथ में लेना, उत्तरदायित्व से इंकार करना, हथियार का प्रयोग करना, सिपाही को आज्ञा देना, आज्ञा का पालन करना, खθजθाना भरना, लकडθी जलाना, प्रश्न का उत्तर देना, विरोधियों को निकाल बाहर करना, देशव्यापी विद्रोह, विद्रोहियों का दमन करना, अतिरिक्त सेना भेजना ।

२) निम्नलिखित शब्दसमुदायों का अनुवाद कीजिये ।

назначать генерал-губернатора, заверять в мире и дружбе, Сипайское восстание, устранять различие, ставить перед собой цель, устраивать заговор, усмирять восстание, предпринимать совместные усилия, лишать права голоса, номинальный правитель, успокаивать недовольное население, социальный мир, объединенный фронт, соблюдать правила, осуждать убийство невинных людей, эффективная мера, пропаганда знаний, представитель среднего сословия, подстрекать солдат к мятежу, назначать на высокий пост, обязательное среднее образование,

17. भारी व मशीन यद्योग «тяжелая и машиностроительная промышленность»

18. Слово-послелог विरोधी, выступая между двумя полнозначными словами, привносит предшествующему слову значение префикса «анти» русского языка: उद्योग विरोधी नीति «антипромышленная политика», सरकारविरोधी आंदोलन «антиправительственное движение».

19. युद्ध-सामग्री बोर्ड «Комитет военного имущества»

20. वापस लेना «возвращать назад»

21. कुल मिलाकर «всего», «в целом»

22. मोटे तौर पर а) «приблизительно», «по грубым подсчетам», б) «в общих чертах», «в общем»

23. उत्पादक वस्तुएँ «средства производства»

24. निर्भर करना (होना) «зависеть» (*от чего-л.* पर), «опираться» (*на что-л.* पर)

25. चोट पहुँचना «быть нанесенным» (*об ударе*)

26. Проценты обозначаются в хинди сочетанием количественного числительного со словом प्रतिशत : २५ प्रतिशत «25 процентов»

पाठ के अभ्यास

१) निम्नलिखित शब्दसमुदायों का अनुवाद कीजिये ।

स्वतंत्रता प्राप्ति, नियोजन काल, विद्यमान अवधि के दौरान, अंत:संबंधित कारक, साधनों की सुलभता, व्यावसायिक पूँजी, निजी स्वार्थपरकता, परंपरागत दस्तकारी, औद्योगिक क्रियाएँ, भविष्य की आशाएँ, उद्यमशीलता की भावना, कठिनाइयों का सामना करना, तकनीकी जानकारी, वाष्प शक्ति, औद्योगीकरण को बढθावा देना, राजनीतिक गतिविधियाँ, औद्योगिक उद्यम, प्रणाली अपनाना, जनता की माँगों के प्रति उपेक्षा की नीति अपनाना, सहयोग की उपेक्षा करना, पर्याप्त मात्रा में, उपभोग वस्तुओं का आयात करना, अधिकाधिक लाभ कमाना, विदेशी पूँजी का विनियोग, प्रतिस्पर्धा में कमी करना, धार्मिक संगठन, स्वदेशी माल, सार्वजनिक आंदोलन, वित्त वर्ष, वित्त मंत्री, बल प्रयोग, पश्चिमी दिशा में जाना, सभा का आयोजन, समारोह का आयोजन करना, दोषपूर्ण आयोजन, प्रगति की संभावनाएँ, परीक्षा के परिणाम, असंतोषजनक परिणाम, खθराब आयोजन के दुष्परिणाम, आर्थिक प्रगति, दस प्रतिशत की छूट देना, राजनीतिक छूट, निकट भविष्य, भविष्य बताना, वचन तोडθना, वचन का पालन करना, प्रतिकूल प्रभाव, प्रतिकूल दिशा, नियम के प्रतिकूल, जाल में फँसना, प्रेम में फँसना, लाभकारी प्रणाली, लाभकारी व्यवसाय, योजना आयोग, असैनिक जनता, असैनिक शासन, उद्देश्य की पूर्ति, योजना की पूर्ति, माँग व पूर्ति, इच्छा की पूर्ति करना, भारत निर्मित वस्तुएँ, निजी पθर्म, संपत्ति हस्तांतरित करना, सत्ता हस्तांतरित करना, इस्पात कारखθाना, इस्पात का ढाँचा, उद्योगों को संरक्षण प्रदान करना, राज्य का संरक्षण प्राप्त करना, दृष्टिकोण अपनाना, प्रतिकूल दृष्टिकोण, कठिन व गंभीर स्थिति, वर्त्तमान स्थिति, सामाजिक स्थिति, स्थिति में सुधार करना, बिना बाधा के काम करते चले जाना, बाधाएँ दूर करना, सामाजिक ढाँचा, मकान का ढाँचा, योजना का ढाँचा, ढाँचा खडθा करना, विचारों की

विविधता, उद्योगों की विविधता, जीवन की विविधताएँ, औद्योगिक उत्पादन, उत्पादन की रीति, कुल उत्पादन, उत्पादक शक्ति, अन्न की कमी, कीमतों में कमी, कमी को पूरा करना, जोखिम का काम, विकसित अर्थव्यवस्था, योजना को विकसित करना, मजदूरों की माँग, माँग की पूर्ति, ऊन की बडθी माँग, आंतरिक माँग, सैनिक क्षमता, संगठन करने की क्षमता, पूरी क्षमता से कार्य करना, रसायनिक युद्ध, रसायनिक क्रिया, अवधि की समाप्ति, जर्जर उपकरणों का प्रतिस्थापन, आर्थिक अवस्था, निम्न अवस्था, बुढθापे की अवस्था में, शासन की अस्थिरता, नौकरी की अस्थिरता, आजθाद व्यापार, देश को आजθाद करना, श्रम का विभाजन, प्रत्यक्ष परिणाम, परोक्ष प्रभाव, गहरी चोट पहुँचाना, दिल पर चोट करना, सब्जी मंडी, कपडθे की मंडी, अंतिम निर्णय, अदालत का निर्णय, स्तर ऊँचा उठाना, जीवन स्तर, क्षेत्रीय स्तर पर, नदी में पानी का स्तर, रहन-सहन बढθाना, रहन-सहन का स्तर, योजना के अंतर्गत, जर्जर रीति-रिवाज, व्यावसायिक पत्र-व्यवहार ।

२) निम्नलिखित शब्दसमुदायों का अनुवाद कीजिये ।

современные отрасли промышленности, получение знаний, экономическое планирование, текущий период, в течение гражданской войны, взаимосвязанные события, социальный фактор, средства связи и транспорта, министерство связи, иностранный капитал, традиционный фестиваль, преодолевать серьезные трудности, производственные процессы, национальные чувства, частная предприимчивость, технический прогресс, работать на силе пара, поощрять развитие промышленности, отечественная промышленность, темпы индустриализации, социальная активность, принимать новую систему международных отношений, развивать промышленность с помощью иностранного капитала, организация журналистов, приобретать знания, глубокое знание предмета, развивать техническое сотрудничество, сотрудничать с региональной организацией, импортировать потребительские товары, игнорировать волю на-

рода, относиться с презрением к деньгам, импортировать капитал, вкладывать деньги в промышленность, уменьшать конкуренцию между предпринимателями, конкурировать с иностранными товарами, расширять рынок потребительских товаров, извлекать наибольшую прибыль, национально-освободительное движение, движение в защиту гражданских прав, продвигаться в восточном направлении, уменьшать возможность нападения на страну, возможность развития, результаты соревнования, знакомиться с результатом, в результате движения «свадеши», ликвидировать дисбаланс, антидевальвационная политика, оказывать отрицательное влияние, предоставлять льготы для покупки земли, сдерживать обещание, давать обещание, нарушать обещание, заниматься выгодным делом, развивать гражданские отрасли промышленности, передавать заказ иностранной фирме, восполнять нехватку потребительских товаров, излагать свою точку зрения по проблеме рынков, укреплять экономическое положение страны, устранять препятствия на пути индустриализации, наладить производство средств производства в рамках пятилетнего плана, однобокое развитие, избегать риска при заключении сделки, входить в группу развитых стран, наращивать военный потенциал, профессиональное сотрудничество, ликвидировать дисбаланс между спросом и предложением, производить раздел имущества, легкий ушиб, принимать серьезное решение, повышать уровень жизни простых людей, приходить в негодное состояние, на стадии современного развития экономики, прямая агрессия, улучшать судоходство на реках, пробретать различное военное оборудование, принимать косвенное участие, торговый риск.

३) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये ।

मनुष्य, शक्ति, प्रोत्साहन, कापθी, नीचा, नियोजन, रीति, ज्ञान, प्रतियोगिता, और (३), फलस्वरूप, नतीजा, दिक्कत, घर, मौजूद, ओर, लाभदायक, उन्नति, रक्षा, इसलिए, रुकावट, पैदावार, हालत, स्वतंत्र, निश्चय, बाजθार, खθतरा, नागरिक, सामग्री, उम्मीद ।

४) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिये ।

आरंभ, प्रत्यक्ष, निम्न, सफल, विदेशी, आसान, संतोष, एक, सैनिक, ज्ञात, उपस्थित, हलका, पतला, संतुष्ट, पेचीदा, नया, रात, जमा, जीवन, उन्नति, आगे, बाहर, जन्म, गर्म, अमीर, पूर्व, महँगा, दूर, काला, अगला, निर्बल ।

५) अनुवाद कीजिये ।

१) जिसमें कोई क्रिया या व्यापार न हो उसे निष्क्रिय कहते हैं, निष्क्रिय होने का भाव या अवस्था निष्क्रियता है जो किसी भी क्षेत्र में हो सकती है । व्यक्तिगत निष्क्रियता का अर्थ है हाथ पर हाथ रखे बैठना अर्थात कुछ नहीं करना । २) भारत के लिए स्वतंत्रता प्राप्ति बहुत महत्वपूर्ण घटना थी । ३) अप्रैल १९५१ में भारत ने आर्थिक नियोजन के युग में प्रवेश किया । ४) निश्चित अवधि की समाप्ति के पहले इस काम को पूरा करना चाहिये । ५) इस मिल में वस्त्र बनता है, ऊनी एवं सूती । ६) पटसन एक प्रसिद्ध पौधा है जो गरम जलवायु वाले प्राय: सभी देशों में उत्पन्न होता है । ७) आर्थिक नियोजन विभिन्न अंत:संबंधित कारणों से सफल या असफल हो सकता है । ८) संचार साधनों की सुलभता पर आर्थिक विकास निर्भर रहता है । ९) भारत की अर्थव्यवस्था में बडθी मात्रा में विदेशी पूँजी का विनियोजन किया गया है । १०) औद्योगिक विकास तभी संभव हो जाता है जब देश में पर्याप्त मात्रा में स्वदेशी पूँजी सुरक्षित रह जाती है । ११) उपनिवेशी सरकारें अधीन देशों में उद्योगों के विकास के प्रति आम तौर पर उदासीन हुआ करती थीं । १२) वे उसे फिर से देखने की आशा में खडθे थे । १३) मुझे कोई आशा न रही । १४) बडθी मात्रा में औद्योगिक वस्तुओं के आयात के कारण देश में परंपरागत दस्तकारी का पतन हुआ । १५) राष्ट्रीय भावनाओं को गहरी चोट पहुँचायी गयी । १६) शांतिपूर्ण बातचीत बल प्रयोग से

बेहतर है । १७) वह अपने व्यवसाय में प्रगति कर रहा है । १८) भारत सरकार ने द्वितीय पंचवर्षीय योजना में औद्योगिकरण को बढθावा दिया । १९) देश में विदेशी माल विरोधी आंदोलन उठा । २०) तकनीकी सहयोग के परिणामस्वरूप नया इस्पात कारखθाना बनाया गया । २१) उसे इस विषय की गहरी जानकारी हो गयी । २२) वह हमारी तरपθ उपेक्षा की दृष्टि से देख रहा था । २३) खेलकूद तथा व्यापार के क्षेत्र में जो प्रतिस्पर्धा होती है वह अभिवादन योग्य है क्योंकि इसके परिणामस्वरूप बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं । २४) खाने-पीने की चीजθों का उपभोग बढθता जा रहा है । २५) रोशनी की गति से कोई भी पदार्थ उडθ नहीं सकता । २६) वह उलटी दिशा में जाने लगी । २७) लोग सब दिशाओं से आ रहे थे । २८) इसमें मेरा कोई दोष नहीं है । २९) इसका निर्णय दोषपूर्ण निकला । ३०) इस उत्सव का आयोजन किसने किया ? ३१) इस पुस्तक का नाम है "भारत में आर्थिक विकास एवं आयोजन" । ३२) आज उसके आने की संभावना नहीं है । ३३) भारत सरकार क्षेत्रीय असंतुलन दूर करना चाहती है । ३४) इस परोक्ष आक्रमण के दुष्परिणाम सुस्पष्ट दिखाई देने लगे । ३५) उसे कर्ज चुनाने की छूट दी गयी थी । ३६) वचन देने पर उसका पालन करना चाहिये, जो मानव वचन तोडθता है उससे दोस्ती कैसी ? ३७) वह प्रेम के जाल में फँसता चला जा रहा है । ३८) यदि सोने का व्यापार लाभकारी न होता तो उसको कौन करता । ३९) वचन तोडθने से प्रतिकूल प्रभाव पडθ जाता है । ४०) अब भारतीय मंडियों में माँग की पूर्ति भारत निर्मित वस्तुओं से की जा सकती है । ४१) भारत सरकार स्वदेशी उद्योगों की संरक्षण नीति अपनाती है । ४२) सरकार की आज्ञा से सब छूटें वापस ले ली गयी थीं । ४३) अन्न की माँग की दृष्टि से भारत आत्मनिर्भर हो गया है । ४४) सैनिक उद्योग पर निर्भर हो रही अर्थव्यवस्था सदा एकांगी होती है । ४५) सभी बाधाओं और कठिनाइयों के बावजूद विद्यमान औद्योगिक ढाँचे को

सुरक्षित रखना चाहिये । ४६) इस कमी की पूर्ति करना आवश्यक है । ४७) इस प्रतिनिधि-मंडल में दो पत्रकार शामिल हैं । ४८) ठीक समय पर जर्जर अवस्था में आये उपकरणें का प्रतिस्थापन विकसित अर्थव्यवस्था का आधार है । ४९) आर्थिक कठिनाइयों के परिणामस्वरूप राजनीतिक अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है ।

६) अनुवाद कीजिये ।

1) По мнению индийских ученых, экономическое планирование способствует развитию национальной экономики. 2) В настоящее время получение высшего образования является весьма трудным делом во всем мире. 3) Экономическому развитию способствует несколько взаимозависимых факторов. 4) Развитую экономику характеризует доступность средств транспорта и связи. 5) Иностранные капиталовложения в экономику некоторых стран достигают 30%. 6) Власть нередко оказывается равнодушной к экономическим нуждам народа. 7) В результате политики экономических реформ возникла опасность для традиционных кустарных ремесел. 8) Развитие экономических процессов часто зависит от капиталовложений. 9) Электроэнергию можно получать, используя силу ветра. 10) Многие государственные предприятия становятся акционерными обществами. 11) Все страны Европы прошли через стадию индустриализации. 12) Здесь была принята новая экономическая система. 13) Может ли в результате политической активности возникнуть гражданская война? 14) Легкая промышленность обычно развивается при поддержке промышленного капитала. 15) Мы хотим развивать научно-техническое сотрудничество со всеми странами мира. 16) При научно-техническом сотрудничестве России в Индии было построено несколько крупных промышленных предприятий. 17) Конкуренция между различными предприятиями ускоряет экономическое развитие. 18) В результате диверсификации крупных предприятий начинается производство различных потребительских товаров. 19) Необходимо использовать все возможности для развития современ-

ной экономики. 20) Ошибочное планирование ведет к негативным последствиям. 21) В Индии результаты экзаменов публикуются в газетах. 22) Индия пытается ликвидировать региональную диспропорцию в экономическом развитии. 23) Для экономики крайне опасным является дисбаланс между спросом и предложением. 24) Были предприняты различные меры для удовлетворения спроса населения. 25) Суд принял решение о передаче отцовского имущества его сыну. 26) Изготовленные в Индии товары встречаются во всех странах Юго-Восточной Азии. 27) Каждая страна проводит политику протекционизма по отношению к отечественной промышленности. 28) На экономике страны сказывается отрицательное влияние ошибочного экономического планирования. 29) В результате промышленного застоя экономическое положение страны стало весьма трудным. 30) По этому вопросу имеются различные точки зрения. 31) В социальной структуре общества произошли большие изменения. 32) Производство цемента является крайне неудовлетворительным. 33) Средства производства производятся обычно на машиностроительных заводах. 34) Коммерческий риск присутствует в каждой торговой сделке. 35) Завод работает на полную мощность. 36) Замена устаревшего оборудования является основным правилом развитой экономики. 37) Необходимо улучшать условия труда и быта. 38) Политическая нестабильность может иметь самые дурные последствия. 39) Раздел страны нанес серьезный удар ее экономике. 40) Его включили в делегацию предпринимателей и промышленников. 41) На данной стадии экономического развития необходимо уделять внимание становлению промышленности потребительских товаров.

७) निम्नलिखित विशेषणों के साथ सभी संभव संज्ञाएँ जोडिθये ।

अंत:संबंधित, परंपरागत, स्वदेशी, पर्याप्त, अधिकाधिक, दोषपूर्ण, क्षेत्रीय, आर्थिक, प्रतिकूल, लाभकारी, उत्पादक, मोटा,

व्यावसायिक, सुदृढθ, सुस्पष्ट, पंचवर्षीय, रसायनिक, जर्जर, आजθाद, प्रत्यक्ष, परोक्ष, विकसित, विद्यमान ।

८) निम्नलिखित संज्ञाओं के साथ सभी संभव विशेषण जोडिθये ।

नियोजन, एजेंसी, कारक, प्रगति, गतिविधि, अस्थिरता, जानकारी, परिणाम, आयोजन, असंतुलन, स्थिति, भावना, क्षमता, चोट, जोखिम, निष्क्रियता, स्वार्थपरकता, क्रिया, आंदोलन, सहयोग, गति, संगठन, कठिनाई, छूट, पूँजी, दिशा ।

९) परसर्गों का प्रयोग समझते-समझाते हुए कहानी का मौखिक अनुवाद कीजिये ।

दास की उदासी

आज दास बहुत उदासीन है । दास की उदासी के कारण पूरे विभाग के भीतर बडθी शांति है । रोजाना दफθ्तर आते ही दास अपने साथियों से जθोर-जθोर के साथ बातें करते थे, उनकी तबीअत का हाल पूछते थे । आज बिना बात किये वे अपने काम में लग गये । बात यह हुई कि कल छुट्टी का प्रार्थनापत्र लेकर साहब के पास गये । उन्होंने पत्र दे दिया और कहा, "मेरे घर में मरम्मत का काम हो रहा है जिसके कारण से मुझे पंद्रह दिन की छुट्टी चाहिये ।" साहब ने पत्र देखने के बाद दास से कहा, "आपको पता है कि अगले महीने से संसद का अधिवेशन शुरू हो रहा है । उसके लिए जθरूरी कागजθ तैयार करने हैं । आप छुट्टी ले लेंगे तो काम कैसे चलेगा । आप तो जानते ही होंगे कि इस समय विभाग के कई लोग छुट्टी पर हैं । आपके बिना काम कैसे पूरा होगा ?" दास ने साहब की बात सुनी और कुछ जθोर देकर कहा, "पिछली बार भी मुझे बैठकों के कारण छुट्टी नहीं मिली थी । आपने कहा था कि बाद में छुट्टी ले लेना । इसी आशा से मैंने घर पर मरम्मत का काम शुरू करवा दिया है । आपका यह काम मैं

घर ले जाऊँगा । दो दिन में उसे पूरा करके आपको दे दूँगा । काम बहुत अधिक होने के बावजूद भी मैं काम पूरा कर दूँगा ।" दास अपनी बात पूरी कर चुके तो साहब ने फिर उनसे कहा, "घर पर काम नहीं पूरा हो सकेगा । आपको इस काम में विभाग के और लोगों की मदद लेनी होगी । आप जानते ही हैं कि आपके बिना यह काम पूरा नहीं होगा । संसद के अधिवेशन के कारण मैं इस समय छुट्टी नहीं दे सकूँगा । अधिवेशन के बाद छुट्टी ले लीजियेगा ।"

१०) पाठ से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दीजिये ।

1) Когда в Индии началось создание современной промышленности? 2) На какие периоды подразделяют историю развития индийской промышленности? 3) Какие отрасли промышленности были созданы в Индии в первый период? 4) Какие взаимозависящие факторы способствовали развитию индийской промышленности в первый период? 5) Почему англичане не проявляли интереса к развитию индийской промышленности? 6) На какую промышленность они обращали внимание? 7) В чем состояли основные особенности индустриального развития Индии? 8) Что привело к падению кустарных ремесел в Индии? 9) Что способствовало развитию индийской промышленности во второй половине XIX века? 10) Какие отрасли промышленности возникли в это время? 11) Когда появились в Индии первые акционерные общества? 12) Что стимулировало индустриализацию в Индии? 13) Как на это влияли внешние факторы? 14) Какую роль сыграл частный английский капитал в становлении индийской промышленности? 15) Чем занимались в Индии управляющие агенства и агенты? 16) Какое влияние оказали железные дороги на развитие индийской промышленности? 17) Как сказалось на этом открытие Суэцкого канала? 18) Куда вкладывался в Индии иностранный капитал? 19) С чем это было связано? 20) Как это сказалось на темпах индустриального развития? 21) Какое влияние оказало на развитие экономики движение «свадеши»? 22) Какие национальные группы оказали особое влияние на развитие экономики страны?

23) Как обстояло дело с развитием тяжелой промышленности? 24) Как повлияла первая мировая война на развитие основных отраслей промышленности? 25) Как развивалась экономика Индии после первой мировой войны? 26) Какие организации были созданы для руководства промышленностью? 27) Чему способствовала политика протекционизма индийской промышленности? 28) Каким был первый продукт, в производстве которого Индия смогла себя обеспечить? 29) Когда начала развиваться в Индии тяжелая промышленность? 30) Какую политику проводило английское правительство по отношению к индийской промышленности во время второй мировой войны? 31) Как сказался на экономике Индии раздел страны? 32) В каком году в Индии было образовано национальное правительство? 33) Когда началась в Индии эра экономического планирования? 34) Сколько пятилетних планов было осуществлено в Индии? 35) Каков сегодня жизненный уровень жителей Индии? 36) В каких отраслях промышленности сотрудничают сегодня Россия и Индия?

११) मौखिक रूप से अनुवाद करके अपने शब्दों से इस अंश को सुनाइये ।

हमारी खेती में एक नयी क्रांति आयी है तथा और भी बहुत से काम हुए हैं । जो अच्छी पθसल हुई है वह केवल इस कारण से नहीं हुई कि वर्षा अच्छी हुई थी । अच्छी पθसल इसलिए हुई कि एक कार्यक्रम बना घनी खेती का और दूसरे साधन हमारे किसान भाइयों को मिले । उन्होंने उन साधनों का और दूसरे सभी साधनों का अच्छा उपयोग किया, जिससे हमारी पैदावार बढθी । यह एक किस्म की क्रांति है और इस क्रांति में भारत सरकार को बहुत दिलचस्पी है, क्योंकि हम जानते हैं कि इस क्रांति से हमारा वह आधार और मजθबूत बनेगा और उस आधार पर हम आगे बढθ सकेंगे, अपने उद्योग और दूसरे काम भी और तेजθी से आगे बढθा सकेंगे । इसके साथ-साथ कुछ ऐसी समस्याएँ भी बढθीं - मुझे

मालूम है कि इन साधनों का उपयोग केवल वे किसान कर सकते हैं, जिनके पास सिंचाई का प्रबंध पहले से था और हमें खθुशी है कि उनका उत्पादन बढθा, लाभ भी बढθा जिससे हमें बाहर से अन्न कम मँगाना पडθा । लेकिन साथ ही साथ वे किसान जिनकी देश में संख्या अधिक है, जिनके पास सिंचाई के साधन नहीं हैं, इन साधनों का उपयोग नहीं कर सके, इनका लाभ उनको नहीं पहुँच सका । इसलिए इन दोनों - सिंचाई वाले और सूखी खेती वाले किसानों - के बीच का जो पθर्क बढθा है इसको हमें देखना है और इस संबंध में हमको पूरी कोशिश करनी चाहिए कि जो सूखी खेती वाले हैं, कैसे उनके पास जल्दी-से-जल्दी सिंचाई और दूसरे साधन पहुँच सकें, जिससे वे भी उत्पादन बढθा सकें । देश को मजθबूत बनाने में, देश को अन्न देने के काम में वे भी भाग ले सकें और अपने जीवन को वे इस तरह से सुधार सकें ।

जैसे-जैसे हम बढθते हैं वैसे-वैसे नयी माँगें भी खडθी होती हैं । आजकल बहुत से संगठन और दल हैं, जिन्होंने अपनी माँगें की हैं और उनमें से बहुत-सी माँगें ठीक भी हैं, उनको पूरा करना चाहिए । लेकिन हमें यह भी सोचना है – चाहे मजθदूर हों, अध्यापक हों या दपθ्तर में काम करने वाले लोग हों, इनके साथ कुछ संगठन हैं, वे अपनी आवाजθ जθोरों से हम तक पहुँचा सकते हैं । लेकिन हमारी लाखों-करोडθों की जनता ऐसी भी है, जो इनसे भी जθयादा गरीब है, जो न पढθी-लिखी है और न उसने कोई विशेष काम सीखा है, उनकी आवाजθ कौन उठाएगा ? जब हम कोई भी आवाजθ सुनें तो हमको इन दूसरे लोगों की तरपθ भी ध्यान देना है, चाहे उनकी आवाजθ धीमी हो, फिर भी उनकी माँगों की तरपθ भी हमारा ध्यान उतना ही जाये । इसलिए कभी-कभी ठीक माँगें भी हमारे पास आती हैं, तो हमको यह सोचना है कि वे माँगें यदि हम पूरा करें तो तो उसका उनपर क्या असर होगा । क्या इससे हमारी आर्थिक स्थिति और अच्छी होगी या जिनके पास साधन कम हैं

उनकी स्थिति और कमजθोर होगी ? क्या उससे अंत में सभी को चोट पहुँचेगी ? ये बातें हमको सोचनी हैं । इसलिए मेरी प्रार्थना है अपने भाइयों से, चाहे मजθदूर हों, चाहे अध्यापक हों, चाहे किसी भी वर्ग के हों कि अपनी सभी माँगों को वे देश के नक्शे पर रखकर देखें । उनको तकलीपθें हैं, उनकी तकलीपθों को हम जानते हैं और उनके साथ हमारी सहानुभूति भी है, लेकिन वे जरा उसका मुकाबला करें, देश के अन्य गरीबों की तकलीपθों से ।

सार्वजनिक क्षेत्र यानी पब्लिक सेक्टर में लाखों-करोडθों रुपया लगाया गया है । यह पूँजीपतियों की या उद्योगपतियों की पूँजी नहीं है । यह हमारी और आपकी - सारे भारत की पूँजी है और इसमें जो लाभ होता है, वह किसी के जेब में नहीं जाता, बल्कि भारत की जनता की सुविधा के लिए – चाहे सडθक हो, स्कूल हो, अस्पताल हो – इन सबको बनाने में यह धन लगता है । तो इनको भी कामयाब करने के लिए, इन कारखθानों या उद्यमों में लाभ हो इसमें हम सबकी दिलचस्पी होनी चाहिए । हम सब इसमें भागी हैं । लाभ हो या न हो, ये सब बातें हम से जुडθी हुई होती हैं, इसलिए इसमें भी एक बडθा भारी प्रयत्न हमको करना है, मजθदूरों को, उद्यमकर्ताओं को और सबको, कि किस तरह से इनको हम खूθबी के साथ, अच्छी तरह से चला सकें, जिससे उनमें लाभ हो और वह लाभ सारे देश को मिले । मेरे कहने का मतलब यह नहीं है कि जो पब्लिक सेक्टर के उद्यम हैं वे सब बुरे हैं । बहुत से अच्छी तरह से चल रहे हैं, लेकिन बहुत सी कमियाँ भी हैं और आपको मालूम हैं कि हमने आपसे कमियों को छिपाने की कोशिश नहीं की । हम हमेशा यह मानते हैं कि सब बातें जनता के सामने रखनी चाहिएँ । इसमें हमें मदद भी मिलेगी और जो चीजेθं खθराब हैं उनको ठीक करने में हमारी कोशिश भी बढेθगी । जो भी उन्नति देश में हो, किसी भी दिशा में

हो, वह तब हो सकती है जब देश में एकता हो, शांति हो, अच्छी आर्थिक स्थिति हो और राजनीतिक स्थिरता हो ।

(इंदिरा गांधी, १५-८-१९६८)

१२) लिखित रूप में अनुवाद कीजिये ।

Экономика Индии

Более четырехсот лет назад в Индию начали проникать первые европейцы. Уже к середине XVIII столетия англичанам удалось вытеснить из Индии остальных европейцев и захватить значительную часть Южной Индии и Бенгалии. Спустя столетие Англия подчинила себе всю страну. За долгие годы своего господства англичане превратили Индию в рынок своих товаров. Из Индии вывозилось сырье, в том числе хлопок и джут. Промышленные предприятия, построенные англичанами, производили главным образом товары потребления.

Начало современного промышленного развития Индии относится к концу первой мировой войны. До этого времени имелись хлопчатобумажная промышленность Западной Индии, джутовая промышленность Бенгалии и угольная промышленность Бихара. Тогда же был построен металлургический завод Таты в Джамшедпуре. Существовало несколько некрупных предприятий бумажной, сахарной и некоторых других отраслей промышленности. Первая мировая война способствовала развитию уже имеющихся отраслей промышленности: импорт был затруднен, а война вызывала острый спрос на промышленную продукцию. Однако после окончания войны индийская промышленность столкнулась с еще более жестокой конкуренцией со стороны Англии и некоторых азиатских стран. Тем не менее во время промышленного застоя 1929-1933 гг. в таких отраслях промышленности, как сахарная, бумажная, отмечался значительный рост производства. Но период роста закончился в 1937г., и этим отраслям промышленности пришлось столкнуться с трудностями, ибо их продукция потеряла рынки сбыта.

Вторая мировая война также способствовала дальнейшему развитию промышленности Индии. Предприятия основных отраслей работали на полную мощность. В годы войны начали

возникать отрасли тяжелой промышленности, среди которых важнейшими являлись металлургическая, машиностроительная и химическая, а также промышленность электрической аппаратуры.

После получения независимости правительство Индии сделало упор на плановое развитие экономики. Так, например, в первом пятилетнем плане основной упор был сделан на увеличение сельскохозяйственного производства, однако план учитывал важность и необходимость промышленного развития. Ресурсы, которыми располагал для этого государственный сектор, были недостаточными, вследствие чего рост промышленности должен был идти по линии развития частного сектора. План предусматривал расходы на промышленность по государственному сектору в размере 940 млн. рупий. предполагалось построить ряд крупных объектов и завершить строительство уже начатых. Во втором пятилетнем плане ставилась задача быстрой индустриализации страны. В соответствии с планом в стране было построено три металлургических завода.

После получения независимости Индия добилась больших успехов в промышленном развитии. Был прекращен импорт практически всех потребительских товаров. Общий объем выпускаемых промышленностью товаров выводит Индию в число десяти передовых промышленных стран мира.

१३) भारत के औद्योगिक विकास के बारे में सुनाइये ।

१४) रूस के आर्थिक विकास के बारे में सुनाइये ।

१५) खθाली जगहों में आवश्यक शब्द रखिये ।

१) स्वतंत्रता - - के बाद भारत सरकार ने आर्थिक - के अनेक कार्यक्रम शुरू किये । २) प्रथम विश्वयुद्ध की – के दौरान अनेक उद्योगों की स्थापना हुई । ३) - वह पौधा है जिससे जूट आदि चीजθें बनती हैं । ४) - साधनों के बिना संपर्क कैसे हो सकते हैं । ५) - वह धन है जिसके आधार पर

उद्योग बनता-चलता है । ६) भारत में - की वस्तुएँ खθूब बिकती हैं । ७) देश की आर्थिक – देखते हुए भारतवासी गर्व की – महसूस करते हैं । ८) कहा जाता है कि - सबसे अंतिम मरती है । ९) इस देश में जθोरों की राजनीतिक – देखने को मिलती हैं । १०) - की भावना जन्मसिद्ध होती है । ११) जनता की माँगों की – कौन कर सकता है । १२) हमें आवश्यक - ज्ञान दिया गया । १३) मुझे भारतीय इतिहास की – मिली है । १४) इन उद्यमों की स्थापना पर्याप्त पूँजी के – की जा सकती है । १५) पचास साल पहले भारत को बडθी मात्रा में उपभोग वस्तुओं का – करना पडθता था । १६) - उद्योग का प्राण है । १७) भारत के साथ हमारा वैज्ञानिक-तकनीकी – महत्वपूर्ण स्थान अपना लेता है । १८) सखθत – के बिना उद्योगों में निष्क्रियता आती है । १९) प्रत्येक देश में औद्योगीकरण को – दिया जाता है । २०) सारी अर्थव्यवस्था बिजली पर - होती है । २१) - के प्रयोग से कोई भी समस्या हल नहीं की जा सकती । २२) बैंक में हिसाब की नयी प्रणाली – गयी । २३) कठिनाइयों के – प्रगति रुके बिना चल रही है । २४) औद्योगिक विकास के दौरान इस विकास की - सबसे महत्वपूर्ण होती है । २५) उपनिवेशी भारत में स्वदेशी – कापθी शक्तिशाली निकली । २६) अनेक कठिनाइयों के कारण आर्थिक विकास की – कापθी उदासीन लगने लगीं । २७) वित्तवर्ष के – बडθ ही – थे । २८) आवश्यक वस्तुओं की – केवल श्रम के परिणामस्वरूप हो सकती है । २९) इस विषय पर दो-तीन अलग-अलग – हैं । ३०) क्षेत्रीय – का कारण देश के विभिन्न भागों का असमान विकास है । ३१) - को दूर करना साहसी व्यक्तियों का काम है । ३२) प्रत्येक देश का उद्देश्य औद्योगिक उत्पादन में - होना । ३३) विकसित देश का लक्षण है – वस्तुओं का निर्माण । ३४) औद्योगिक वस्तुओं की – की पूर्ति आयात से की जाती है । ३५) जनता के रहन-सहन का – ऊँचा उठाना प्रत्येक सरकार का काम है । ३६) इस योजना के – नया इस्पात कारखθाना

बनाने की व्यवस्था है । ३७) जर्जर उपकरणों का – औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण नियम है । ३८) उसे अदालत का - स्वीकार करना है । ३९) राजनीकि - सदा खθतरनाक होती है । ४०) कारखθाना पूरी – के साथ काम करता है ।

१६) शब्दकोश की सहायता से इस अंश का अनुवाद कीजिये ।

भारत सरकार ने स्वतंत्रता के पश्चात् देश के अनवरत आर्थिक विकास के लिए १९५१ से आर्थिक नियोजन का सहारा लिया । तब से भारत ने अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में बहुत उन्नति की है ।

उद्योग व खनन के क्षेत्र में भी भारत ने कापθी प्रगति की है । नियोजन के समय भारत में उद्योगों की स्थिति अच्छी नहीं थी तथा उनकी संख्या भी बहुत कम थी । योजना के वर्षों में इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है । प्राय: सभी प्रमुख उद्योगों में सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका मुख्य रही है । सार्वजनिक क्षेत्र के विनाश के कारण निजी क्षेत्र का भी तेजθी से विकास हुआ है । प्राय: सभी पूँजीगत उद्योगों को, जिनके प्रति निजी क्षेत्र उदासीन रहता है, सार्वजनिक क्षेत्र में प्रारंभ किया गया जैसे जहाजθ निर्माण, यातायात, रक्षा उद्योग, पैट्रोलियम उद्योग आदि । देश में पूँजीगत व उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन तेजθी से बढθा है । कुछ वस्तुओं में तो यह अंतर्राष्ट्रीय बाजθारों में एक शक्तिशाली प्रतियोगिता के रूप में खडθा हुआ है । भारत इस समय अनेक गैरपरंपरागत वस्तुओं का निर्यात भी करता है ।

योजनाकाल के दौरान कुछ परंपरागत उद्योगों जैसे वस्त्र उद्योग, पटसन उद्योग आदि का विकास धीमी गति से हुआ लेकिन आधारभूत उद्योगों जैसे लोहा एवं इस्पात, पैट्रोल, मशीन निर्माण आदि का तेजθी से विकास हुआ है । नये पूँजीगत उद्योगों के विकास के लिए प्रमुख रूप से दो कारण जिम्मेदार

हैं : १) सरकार द्वारा आधारभूत ढाँचे की स्थापना के लिए पूँजी निर्माण उद्योग को बढθावा देना तथा २) पूँजीगत वस्तुओं की आयात द्वारा पूर्ति पर नियंत्रण करके उनका देश में उत्पादन करने को प्रोत्साहन देना ।

देश में प्रमुख उपभोक्ता व पूँजीगत वस्तुओं के उत्पादन में तेजθी से वृद्धि हुई है । इसके अतिरिक्त कुछ पूँजीगत वस्तुओं का भारत निर्यात भी करता है ।

यातायात एवं संचार सुविधाएँ भी देश के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं । भारत में इनका भी विकास किया गया । योजनाकाल में रेल-मार्ग व सडθक-मार्ग द्वारा देश के एक बहुत बडθ भाग को जोडθ दिया गया है । अनेक नये बंदरगाहों का विकास किया गया । रेलों द्वारा ढोये जाने वाले माल के वजन में ढाई गुना, सडθकों की लंबाई ५ गुना तथा जहाजθरानी के टन भार में १५ गुना वृद्धि हुई है ।

जनसंख्या जोकि भारत के आर्थिक विकास में एक बडθी बाधा है की वृद्धि दर को रोकने के लिए भारत को जन्म-दर में कमी करनी होगी । इस ओर सरकार ने विशाल परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया है तथा परिवार नियोजन शिक्षा का भी विस्तार किया है लेकिन इस ओर कोई विशेष सफलता नहीं मिली है । सरकार द्वारा इस दिशा में प्रयास जारी है ।

भारत में आर्थिक विकास की धीमी गति का प्रमुख कारण पूँजी निर्माण की दर में धीमी गति से वृद्धि होना है । अर्थव्यवस्था के लिए पूँजी निर्माण की ऊँची दर आवश्यक है । विकसित देशों में पूँजी निर्माण की दर ३० प्रतिशत के लगभग है जबकि भारत में यह २० प्रतिशत के आस-पास है । प्रो० कोलिन क्लार्क के अनुसार यदि देश की जनसंख्या एक प्रतिशत प्रति वर्ष बढθ रही है तो उसके वर्त्तमान जीवन-स्तर को कायम रखने के लिए कम से कम ४ प्रतिशत की दर से आंतरिक विनियोग की आवश्यकता पडθती है । भारत जैसे देश में जहाँ जनसंख्या वृद्धि की दर ढाई प्रतिशत प्रतिवर्ष है बढθती हुई

जनसंख्या के कारण उत्पन्न अतिरिक्त भार को संभालने के लिए कम से कम १० प्रतिशत अतिरिक्त विनियोग की आवश्यकता है । इसके अतिरिक्त रुपया अवमूल्यन की पूर्ति के लिए भी अतिरिक्त विनियोग करना होता है । इन सब के लिए कम से कम १६ प्रतिशत की दर से पूँजी निर्माण होना चाहिए । आर्थिक वृद्धि के लिए इस दर से अधिक पूँजी निर्माण होना चाहिए ताकि जनता का जीवन-स्तर ऊँचा उठाया जा सके । (भारत में आर्थिक विकास एवं आयोजन नामक पुस्तक से)

१७) वाक्यों की बनावट पर ध्यान देते हुए बातचीत को दोहराइये ।

सुरेश : आओ, भाई मूर्ति, आओ । बहुत दिनों बाद आना हुआ ।

मूर्ति : हाँ, कुछ व्यस्त था । इनसे मिलो । ये हैं श्री शर्मा । उसी कंपनी में हैं जहाँ सुब्बाराव काम करते हैं ।

सुरेश : नमस्ते, बडθी खθुशी है आपसे मिलकर ।

शर्मा : मुझे भी । मैंने शायद पहले भी आपको देखा है ?

सुरेश : हाँ, उस दिन देखा होगा जिस दिन आपके दपθ्तर में वह सेमिनार था । वैसे मैं अक्सर सुब्बाराव जी के पास आता हूँ, लेकिन जब भी आता हूँ वापस जाने की जल्दी रहती है । इसलिए किसी से मिल नहीं सकता ।

मूर्ति : तुम बहुत दिन से हमारे यहाँ भी नहीं आये । सुना है तुम्हारी तरक्की हो गयी है । जब से सुना, तभी से सोच रहा था कि चलूँ, तुम्हें बधाई दे आऊँ । लेकिन बीच में मालूम हुआ कि तुम कहीं बाहर चले गये ।

सुरेश : हाँ, जिस दिन तरक्की का पत्र मिला था, उससे अगले दिन ही मुझे एक जθरूरी काम से बंबई जाना पडθ गया । हमें एक बहुत बडθा आर्डर मिला है और

हमने काम शुरू कर दिया है । जब से यह काम शुरू हुआ, बिलकुल ही पθुर्सत नहीं मिलती ।

मूर्ति : भाई, आपके साहब बडθी अक्ल के आदमी हैं । पता नहीं कैसे इतने बडθ-बडθ आर्डर अपना लेते हैं । क्या कोई जादू (колдовство) जानते हैं ?

सुरेश : नहीं जी, उनका जादू तो उनका स्वभाव है ही । बडे विनोदी व्यक्ति हैं । जिससे एक बार मिलते हैं, उसी को भी अपना बना लेते हैं और फिर मेहनत भी खूθब करते हैं । जब से इस कंपनी में आये हैं, तब से कंपनी का काम कितना बढθ गया है ।

शर्मा : भाई, जब उन्हें “मैनेजिंग डाइरेक्टर” नियुक्त किया गया है तो कंपनी के लिए उन्हें काम तो करना ही होगा ।

मूर्ति : अन्य कर्मचारियों से भी खθूब काम लेते हैं, तभी तो इनकी कंपनी इतनी तरक्की कर रही है ।

सुरेश : जब काम लेते हैं तो सबकी सुविधाओं का भी तो ध्यान रखते हैं । वे इस बात का पूरा ध्यान रखते हैं कि जो व्यक्ति मेहनत से काम करे, उसे मेहनत का फल भी जθरूर मिले ।

शर्मा : यह तो सचमुच तारीपθ की बात है । जब तक मानव को फल की उम्मीद न हो, तब तक उसमें काम करने की इच्छा कैसे होगी ?

सुरेश : अब तो हम जल्दी एक और शाखा भी खोलने वाले हैं हौज खास में । जहाँ केनारा बैंक है, वहीं सामने ।

मूर्ति : अच्छा, कितना खूθब ! फिर तो आपके दपθ्तर में कई नये लोग नियुक्त किये जाएँगे । मेरा एक रिश्तेदार है । बहुत योग्य लडθका है । स्टेनोग्राफर । उसे लगा लो ।

सुरेश : अच्छा, तो उससे प्रार्थनापत्र करा देना । मैं उसे देख लूँगा ।

मूर्ति : बहुत-बहुत धन्यवाद । तुमने नया मकान लिया है न ? वह किस तरपθ है ?

सुरेश : जहाँ से १७ नंबर बस चलती है, वहीं बायीं तरपθ । दायीं तरपθ कई दुकानें हैं ।

मूर्ति : जिधर "स्टेट बैंक" है, उस ओर ?

सुरेश : नहीं-नहीं, दूसरी तरपθ । जिधर स्कूल है, उधर ही दो-तीन मकान छोडθकर आगे हमारा मकान है – नंबर जी ४८ । तुम्हें ढूँढθने में कठिनाई नहीं होगी ।

मूर्ति : मुझे हर महीने "ग्रीन पार्क" में जो बैंक है न, वहाँ जाना पडθता है । अगली बार जब जाऊँगा, तब उधर जθरूर जाऊँगा । अच्छा, चलें ।

सुरेश : अच्छा, धन्यवाद ।

चुटकुले

- दो डाक्टर मित्र बैठे बातें कर रहे थे । इतने में अस्पताल में एक सुंदर स्त्री आयी । उसको देखते ही एक ने कहा : "यह है वह औरत, जिससे मैं प्रेम करता हूँ ।" "तो उससे विवाह कर लो ।" "नहीं, कर लूँगा तो भूखा मरूँगा ।" "क्यों ?" "वह मेरी सबसे पुरानी, सबसे पक्की और सबसे अमीर मरीजθ है ।"

- फल बेचने वाला सडθक के किनारे पर पुकारते हुए – "आने के दो केले, आने के दो केले ।" एक व्यक्ति ने पूछा : "आने के दो केले तो जाने के कितने ?"

- पुत्र पिता से : "पिता जी, आज मैंने दस रुपया बचाया है । आज मैं बस के पीछे भागता हुआ आया हूँ ।" पिता पुत्र से : "अरे, अक्ल का पुतला, टेक्सी के पीछे भागकर पचास रुपये क्यों नहीं बचाये ?"

सातवाँ पाठ

व्याकरण

Конструкция «деепричастие-основа + पाना»

Глагол पाना привносит в конструкцию модальное значение достижения цели или успеха в осуществлении намеченного действия, которое может относиться к любому временному плану. Глагол पाना как бы сохраняет остаточное вещественное значение получения чего-либо, однако почти всегда принимает синтактико-семантическое значение непереходного глагола (даже в форме ПСВ): मैं अंदर जा पायी «Мне удалось («у меня получилось») войти внутрь», और मैं जा भी कहाँ पाती हूँ «И куда мне удается ходить», सीता की आँखें कहीं दूर तक देख पा रही थीं «Глазам Ситы удавалось смотреть далеко вперед». В формах будущего времени पाना привносит оттенок возможного достижения цели, относящийся в сложных формах не столько к плану будущего, сколько к плану настоящего или прошедшего, где выражается различная степень сомнения или неуверенности в осуществлении намеченного действия: इतना पैसा कहाँ से दे पाऊँगी «Откуда мне удастся дать столько денег», वे नगर तक ही आ पाये होंगे «Им, вероятно, удалось добраться до города». В формах условного наклонения पाना привносит оттенок возможного достижения цели, что, однако, оказывается неосуществимым в силу определенного условия: कितना अच्छा होता यदि यही बात वह कह पाती «Как было бы хорошо, если бы ей удалось сказать именно это», काश, वह अपना काम देख पाता «О, если бы ему удалось увидеть свою работу!». В формах сослагательного наклонения данная конструкция выражает пожелание достичь намеченной цели: मैं चाहे उसे न देख पाया होऊँ उसने

जθरूर मुझे देख लिया होगा «Хотя мне и не удалось его увидеть, он-то меня наверняка видел».

В отрицательных предложениях पाना привносит оттенок неуспеха в достижении намеченной цели или задуманного действия, которое также может относиться к любому временному плану: लेकिन मैं याद नहीं कर पा रहा हूँ «Но у меня не получается запоминать», सीता झट से सुझाव स्वीकार नहीं कर पायी थी «У Ситы не получилось сразу принять это предложение».

Данная конструкция может выступать в неличной (инфинитной) форме: न सो पाने वाला लडθका «мальчик, которому не удается уснуть» (*букв.* «не удающийся уснуть мальчик»), बात बदल पाने को बोली थी «Сказала, чтобы удалось переменить тему разговора», सब कुछ देख पाकर माँ जी बडθी खुθश हुई «Сумев увидеть все это, мама была очень довольная», इस बात पर निर्णय कर पाना आसान नहीं था «Суметь принять решение по этому вопросу было нелегко».

Несмотря на кажущуюся близость значений, привносимых в аналитическую конструкцию глаголами सकना и पाना, их значения никогда не совпадают, поскольку они выражают разные оттенки модальности: реальную или потенциальную возможность совершить действие, что обусловливается физическими или умственными способностями субъекта (глагол सकना), и достижение цели или успеха в осуществлении задуманного действия, что никак не связывается с какими-либо способностями субъекта, а предопределяется какими-нибудь обстоятельствами извне (глагол पाना): औद्योगीकरण संभव हो सका «Индустриализация смогла стать возможной» и विकास संभव हो पाया «Развитию удалось стать возможным».

Конструкция с पाना может осложняться глаголом सकना: भूमि तक पहुँच पा सकने वाली रोशनी की मात्रा «количество света, могущее (суметь) достигнуть земли».

१) “पाने” सहित क्रिया के रूपों का प्रयोग समभ्काते हुए अनुवाद कीजिये ।

१) नयी रोशनी अभी केवल पहाडθ की चोटी तक पहुँच पायी थी । २) कुछ भी पहले जैसा नहीं हो पाता । ३) मैं कुछ भी नहीं समभ्क पा रहा था । ४) मुभ्के लगा, मैं अब एक क्षण के लिए भी ठहर नहीं पाऊँगा । ५) हम खुθश थे कि हम इतना कर पाये । ६) किसी को भी प्रेम न कर पाती हुई अकेली खडθी हूँ । ७) देख नहीं पाया, हुजθूर । ८) लोग बडθी कठिनाई से उसे हटा पाये । ९) काश, ऐसा हो पाता । १०) मैं चलने पर ध्यान नहीं दे पाऊँगा । ११) लेकिन वह रोजθाना कपडθे न ला पातीं । १२) उस दिन माँ अपने आपको फिर नहीं रोक पायी । १३) सोचता हूँ, यह काम कर पाऊँगा या नहीं । १४) मैं खθूब समभ्क पाऊँगा । १५) अभी तक तो शहर में अच्छी सडθक नहीं बन पायी । १६) लेकिन वह भी जाने कितने दिन और रह पाती है । १७) यह विश्वास दे पाना कितना कठिन होता है । १८) सीता बडθी मुश्किल से सिपर्θ इतना कह पायी थी । १९) मुभ्के उम्मीद नहीं थी कि मैं उसे ढूँढθ पाऊँगा । २०) क्या सामना कर पाएँगी वह ?

Ограничительный аспект

Данный аспект образуется сочетанием ПНВ с формами глаголов-модификаторов आना, चला आना «приходить». Он выражает длительное, процессное состояние, начавшееся до момента речи или момента времени. Если модификатор выступает в форме ПСВ, то состояние представляется законченным к моменту речи (при связке है) или к моменту времени (при связке था или без связки). Состояние является продолжающимся при основном глаголе, выраженном ПНВ и продолженным причастием. При связке है состояние соотносится с моментом речи, при связке था – с моментом времени. Данные конструкции практически всегда выступают с показателем

времени, вводимом послелогом से : वह वर्षों से उसके साथ रहती आयी है «Она прожила с ней много лет», राम जन्म से शर्मा को पिता कहकर पुकारता आया था «Рам с рождения (и до какого-то момента в прошлом) называл Шарму отцом», ...जैसे वह युग-युग से उनके साथ रहती आयी हो «... как будто жила с ним на протяжении многих веков».

२) क्रिया के रूपों का प्रयोग समझाते हुए अनुवाद कीजिये ।

१) विदेशी विद्वान बहुत समय से भारतीय खेती में दिलचस्पी लेते आये हैं । २) यूरोप के लोग एक लंबी अवधि से अपने अनुभवों को सारी दुनिया बताते चले आ रहे थे । ३) लिच्छवियों का वंश नेपाल में बहुत प्राचीन काल से रहता चला आ रहा है । ४) इस दफ़्तर के कर्मचारी कब से ही बिहार में अपना आंदोलन चलाते आ रहे थे । ५) पिछले चार वर्षों से वह बराबर दूध देती आ रही है । ६) भारत में अछूतों के साथ अत्याचार सदियों से होता आ रहा है । ७) यहाँ तो लोग प्राचीन काल से शतरंज खेलते चले आ रहे हैं । ८) सत्ता में आया व्यक्ति सदा से अत्याचार करता आया है और करता रहेगा । ९) मेरी कापियाँ थीं जिनमें दस वर्षों से लिखता चला आ रहा था । १०) मैं वर्षों से उसे देखती आयी हूँ ।

Порядок слов и инверсия

Порядок слов в хинди проявляется в линейной последовательности расположения слов в предложении и словосочетании. В словосочетании зависимый компонент, как правило, предшествует главному (опорному), находясь с ним в контактной позиции. Инверсии здесь подвергаются главным образом словосочетания с послелогом का : यह घर पिता जी का है «Это дом отца», словами-послелогами जैसा и ऐसा : यह व्यवहार बच्चों जैसा था «Это было поведение как у детей», а

также с послелогами подобия: यह खेल बच्चों की तरह होगा «Это будет игра как у детей».

В рамочной конструкции предложения в хинди существует грамматический, или устойчивый порядок слов, согласно которому группа субъекта (подлежащего) предшествует группе предиката (сказуемого). При этом субъект открывает предложение, а предикат его замыкает. После предиката может располагаться только приложение, а перед субъектом – только обстоятельства времени и места, а также расширители самого субъекта. В контактной позиции к предикату помещается прямой объект или циклическое (объектное) подлежащее, которому может предшествовать косвенный объект или обстоятельство: कल रसोई में मेरी बहन के लडθके ने हमें खुθशी से यह खθबर सुनायी थी «Вчера на кухне моей сестры сын нам с радостью эту новость поведал», उसकी बडθी-बडθी आँखें थीं चमकती और मुस्कराती हुई «У нее были огромные глаза, сверкающие и улыбающиеся».

Инверсия в хинди является одной из разновидностей актуального членения предложения. При наличии рамочной конструкции предложения инверсия делится на внутрирамочную и зарамочную.

<u>Внутрирамочная</u> инверсия связана с расположением главных членов предложения и их расширителей. Она относится в хинди к редким явлениям, связанным главным образом с разговорной речью: बडी अच्छी निकली यह औरत «Очень хорошей оказалась эта женщина», पक्षी को पत्थर से मारा बुरे लडθके ने «Птицу камнем ударил плохой мальчик».

<u>Зарамочная</u> инверсия связана с выносом расширителей предиката за субъектное подлежащее (субъект) или за предикат: कुरसी मेजθ के पास रखी है «Стул возле стола стоит» и मेजθ के पास कुरसी रखी है «Возле стола стул стоит»; वह आज आयेगा «Он сегодня придет», आज वह आयेगा «Сегодня он придет»; मुझे उससे कोई लाभ नहीं «Мне от этого нет пользы» и उससे मुझे कोई लाभ नहीं «От этого мне нет

пользы» (препредикативная инверсия); वह बैठी थी अपने विचारों में खोयी हुई «Она сидела, погруженная в свои мысли» (постпредикативная инверсия).

Графически прямой порядок слов можно представить так:

Суб. –	Дк или Об. –	Дп или ЦП или ОП –	Ск.
वह	भाई को	किताब Дп	दे रहा है
उसने	भाई को	किताब ЦП	दी
उसद्वारा	भाई को	किताब ОП	दी जाती है

पाठ

स्वाधीनता के चालीस वर्ष

भारत स्वदेशी भावना के द्वारा
स्वतंत्र हुआ है और अब उसका
आर्थिक विकास भी इसी भावना
के द्वारा हो सकता है । – गांधी

साथियो, दोस्तो, आजθादी की हर वर्षगाँठ देश के लिए पावन होती है । हर वर्षगाँठ पर हम अपने सेनानियों के बारे में सोचते हैं । ऐसे दिन पर हमारा ध्यान आधुनिक भारत के निर्माताओं पर जाता है । आज यहाँ लाल किले से इसकी पावन माटी पर खडθ होकर हमारा ध्यान १८५७ पर जाता है जब हमारे पहले स्वतंत्रता सेनानी इसी लाल किले पर आये थे । हमारा ध्यान १९४५ पर जाता है जब आजθाद हिंद पθौज के जवान यहीं पर पेश किये जा रहे थे । उनका अपराध यही था कि वे अपनी मातृभूमि की आजθादी के लिए लडθ रहे थे । १९५७ में पंडित जी ने यहीं पर आजθाद भारत का झंडा चढθाया था । आज हम यहाँ जमा हैं तो हमारा ध्यान उन्हीं आदर्शों पर, उन्हीं सिद्धांतों पर, उन्हीं मूल्यों पर और उन्हीं सपनों पर जाता है जिनसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को शक्ति मिली थी, जिससे भारत ने अपनी आजθादी जीती थी और आज

यहाँ जमा होकर हम पुन: स्वयं को समर्पित करते हैं । जवाहरलाल नेहरू ने कहा था, "अगर हम जीवन में बडθी उपलब्धियों को पाना चाहते हैं, यदि हम भारत को एक महान राष्ट्र बनाने का सपना देखते हैं तो हमें भी महान् बनना पडेθगा जिससे हम भारत माँ की योग्य संतान कहला सकें ।"

इस ४० वीं वर्षगाँठ पर हमारा खθास ध्यान जाता है खθाली पिछले एक वर्ष के कार्यों पर नहीं, बल्कि पूरे ४० साल पर । साथ में हम आगे भी देखते हैं भविष्य की तरपθ । हमारे पूर्वजों ने हमें आजθादी लेकर दिखायी । लेकिन उन्होंने इस आजादी को बचाने, कायम रखने की हमारी जिθम्मेदारी बनायी, इसकी रक्षा हमारे कंधों पर आयी । इन चार दशकों में हमने बहुत मुकाबले करे, हमपर धमकी आयी, दबाव आया, साजिθश का मुकाबला किया, आक्रमण का सामना किया । हम झुके नहीं, मुडेθ नहीं । हमने भारत की एकता और अखंडता अपनी बहादुरी से, अपने खून से, अपनी कुर्बानी से बचायी और बनायी ।

हमने दुनिया को दिखाया कि भारत मजθबूत है, भारत एक है और भारत दब नहीं सकता । हमने दुनिया को दिखाया कि कोई हमें दुबारा गुलाम नहीं बना सकता । हमने दिखाया कि भारत की एकता को कोई भी कमजθोर नहीं कर सकता । हमारे देश की रक्षा के लिए, आजादी के लिए, एकता के लिए हमने दिखाया कि कोई भी भार जθयादा भारी नहीं है, कोई भी मेहनत ज्यादा नहीं है, कोई भी त्याग बडθा नहीं है ।

भारत की आजθादी के माने हैं भारत के लोगों की आजθादी । भारत की आजθादी के माने हैं कि हम प्रजातंत्र की जडθ को मजθबूत करें, हम देश में निष्पक्ष चुनाव कर पायें जिसमें भारत का हर नागरिक भाग ले पाये । हम वह संसद चलायें जिसमें भारत के लोगों की आवाजθ सुनाई दे जो हमारे देश का भविष्य देखें, बनायें । आजθाद भारत के माने हैं कि निष्पक्ष न्यायपालिका हो और कानून का शासन हो । आजθाद

भारत के माने हैं कि मुक्त और आजθाद प्रेस हो । लेकिन लोकतंत्र बचाना इतना आसान नहीं । खθासकर जब देखते हैं कि कई ऐसे लोग हैं जो अपने बर्ताव से संविधान और उसकी संस्थाओं का अनादर करते हैं, जो गैरजिθम्मेदारी से, अनुशासनहीनता से स्वाधीनता को खθतरा लाते हैं । तब भी हमने दिखाया है कि हमारे देश में प्रजातंत्र की जडθ बहुत गहरी जमी है । हमारी जनता को चौकन्ना रहना है । हमें देखना है कि लोकतंत्र ही एक ऐसी सरकार है जो भारत जैसे देश में चल सकती है । हमारी महान् आर्थिक उपलब्धियाँ दुनिया भर में मानी गयीं । गांधी जी ने हमें दिखाया था कि विकास का काम, देश बनाने का काम गरीबी हटाने से शुरू होगा । उन्होंने हमें दिखाया था कि हमारे जो नैतिक कर्त्तव्य हैं राष्ट्रीय जीवन में उनको हमें आगे रखना है ।

इन्हीं लक्ष्यों पर हमने देश को आगे बढθाया है । इन्हीं लक्ष्यों पर हमने गरीबी हटाने का कार्यक्रम बिलकुल ऊपर रखा है और अपनी पूरी ताकत लगायी है गरीबी हटाने में । इंदिराजी ने गरीबी हटाने की पुकार उठायी थी, एक नयी भावना वे लायीं देश में, जिससे पहली बार गरीबी कम होने लगी । उनके बीस सूत्री कार्यक्रम के नीचे और दूसरे ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के नीचे भारत के गरीब ऊपर उठने लगे और हमने देखा कि इन चालीस साल में हमने तसवीर बदल डाली । चालीस साल हुए दो-तिहाई जनता गरीबी रेखा के नीचे थी । आज दो-तिहाई जनता गरीबी की रेखा से ऊपर उठ पायी है । इन कार्यक्रमों के द्वारा हमने सामंतवाद तोडθा । गरीबी हटाने के लिए हम योजनाएँ लाये । गरीबी हटाने के लिए हमने हरित क्रांति को देश में फैलाना शुरू किया । चंद सालों में हमारे अनाज का उत्पादन तीनगुना बढθ गया है । मुझे याद है, इक्कीस साल हुआ जब सूखा पडθा था और इंदिराजी को बाहर से अनाज मँगाना पडθा था । वह कितनी शर्मिन्दा हुई थी, जब उन्हें सिर झुकाकर अनाज मँगाना पडθा था । उन्होंने

तभी कहा था कि वह दूसरा दिन ऐसा नहीं होने देंगी जब भारत को झुककर अनाज के लिए विदेश जाना पडेθ । उन्होंने ऐसे कदम उठाये जिससे उत्तर-पश्चिम भारत में एकदम हरियाली फैल गयी । इंदिराजी की दृष्टि, इंदिराजी के विचार, उनके संकल्प से और भारत के किसानों के पसीने और काम से यह फल हुआ और आज हम गौरव से कह सकते हैं कि भारत भूखा होकर किसी के सामने नहीं झुकेगा । इन ४० सालों में कृषि में देश के किसानों की पैदावार बहुत बढθी है, १५ करोडθ टन पर पहुँच चुकी है । साथ में कपास की पैदावार, तिलहन की पैदावार और दाल की पैदावार पर खθास ध्यान देने की जθरूरत है । इस तरह से जैसे हरियाली फैलेगी किसान के खेतों में वैसे ही देखेंगे गरीबी हटती जायेगी, मिटती जायेगी ।

इन ४० साल में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है । हमने इन सालों में देखा है कि जातिवाद बहुत कम हो गया है । इन सालों में हमने महिलाओं की शक्ति बढθायी है । हमने लडθकियों को और मौका दिया है, स्कूल जाने का, कालेज जाने का । हमें हमारा ध्यान मजθदूरों की तरपθ, मजθदूरों की समस्याओं की तरपθ ले जाना है । खेत मजθदूरों के लिए उनकी समस्याओं पर ध्यान ४० साल से नहीं दिया गया था । हमने एक राष्ट्रीय आयोग बिठाया है जो देखेगा खेत मजθदूरों की समस्याओं की ओर और उन्हें हल करने के लिए कार्यक्रम हमारे सामने रखेगा ।

आदिवासियों की खθास समस्याएँ हैं और उनके जिलों में, उनके गाँवों में झोंपडिθयों में मैं खθुद गया हूँ, उनकी कठिनाइयों को देखने के लिए और यह देखने के लिए कि कैसे सरकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, कहाँ मजθबूत करने की जθरूरत है, कहाँ और मदद की जθरूरत है । हमने खθास ध्यान दिया है हमारे हरिजन भाइयों पर । हम देखेंगे कि जो कानून बने हैं, हरिजन, आदिवासियों को ऊपर उठाने के लिए,

मजθबूत करने के लिए वे पूरी तरह से चलें और कोई उनके चारों तरपθ घूमकर काम न रोक पाये ।

देश में मध्यम वर्ग बहुत बढθ गया है क्योंकि आर्थिक अवसर बहुत मिले इन्हें । बढθने से लोग देश के कोने-कोने से दूसरे कोने में जाते हैं, काम ढूँढθने के लिए । आज भारत में जθयादा लोग यात्रा कर रहे हैं । देश के एक तरपθ से जाकर दूसरी तरपθ तक काम की खोज कर रहे हैं । घर से निकलकर, गाँव से निकलकर, अपने जिθलों को छोडθकर, कभी-कभी अपने प्रांत को छोडθकर वे काम पा रहे हैं । इससे देश की एकता बढθती है ।

बहुत सफलताएँ हमने पायी हैं इन चालीस सालों में, लेकिन तब भी इन सफलताओं के बावजूद, सामाजिक सुधार के बावजूद भी बहुत काम करने हैं । कई पुरानी समस्याएँ हैं और कोई-कोई नयी समस्याएँ हमारे सामने आयी हैं । साम्प्रदायिक भावनाएँ कहीं-कहीं बढθ गयी हैं । हम देख रहे हैं कि धर्म स्थानों का दुरुपयोग हो रहा है । धार्मिक भावनाओं का खिलवाडθ हो रहा है । हम देख रहे हैं कि सम्प्रदाय सम्प्रदाय से लडθ रहा है, भाई भाई से लडθ रहा है, मनुष्य मनुष्य से लडθ रहा है ।

हमारी धर्मनिरपेक्षता को इससे खθतरा हो रहा है । साम्प्रदायिकता से, पिθरकापरस्त शक्तियों से हमारे देश की एकता और अखंडता को चोट लग रहा है । आजθादी की लडθाई हमने असाम्प्रदायिकता की भावनाओं पर, सिद्धांतों पर लडθी थी । आज साम्प्रदायिकता के लिए कोई जगह भारत में नहीं है । भारत एक प्राचीन देश है जिसमें विभिन्न विश्वास के लोग रहते हैं । सदियों से, हजθारों सालों से रहते आये हैं, हर धर्म के, हर विचार के और हमने देखा है कि हमारे समाज में हर परंपरा के, हर आस्था के लोग मिलकर-जुडθकर, भाईबंदी से रहे । लेकिन हमारे समाज में, हमारे प्रजातंत्र में साम्प्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं है । अगर हमें साम्प्रदायिकता की

चुनौती का सामना करना है तो हर नागरिक का प्रथम कर्त्तव्य है कि वह सोच-विचारकर अपने कर्म से अपने हर काम में सद्भाव रहे ।

हम देख रहे हैं कि कैसी तरकीबें लगायी जा रही हैं देश को कमजθोर करने के लिए, देश में शांति खθत्म करने के लिए । कोशिश हो रही है कि हमारे सहिष्णु, सहनशील और शांतिप्रिय देश में एक ऐसी भावना बनायी जाये जिससे हमारे जीवन का तरीका बदल जाये । हमें ऐसी धमकियों से दबना नहीं है, इनका मुकाबला करना है । जो भी धमकी से, दबाव से झगडेθ बढθाकर हमारी आजθादी, हमारी सुरक्षा और हमारे भविष्य को कमजθोर करने की कोशिश करता है उसका हम पूरी ताकत से मुकाबला करेंगे । उसे अपनी धरती पर खडेθ नहीं होने देंगे । हम रुकेंगे नहीं जब तक उग्रवाद बिलकुल खθत्म न हो जाये या वे उग्रवादी अपने हथियार फेंककर देश की मुख्य धारा में वापिस न आ जायें । लेकिन हिम्मत नहीं छोडθनी है, डरना नहीं है । गांधीजी ने कहा था, “स्वराज का अर्थ मौत का परवाह नहीं करना है । जो राष्ट्र मौत से डरता है वह स्वराज हासिल नहीं कर सकता और यदि स्वराज हासिल कर भी ले तो वह उसे कायम नहीं रख सकता ।”

1) Шла она, шла и очень устала. 2) Я едва не упал с лошади. 3) Вот так в работе прошли десять месяцев. 4) Играя во дворе, дети разбили стекло. 5) Читая газету, он уснул. 6) Думая об этом, он вышел из комнаты. 7) Закончил или не закончил ты свои дела, но, как только прозвенит звонок, ты должен сидеть в аудитории. 8) Он сидел на диване, держа в руках раскрытую книгу. 9) Она вышла из комнаты, не дожидаясь ответа. 10) Посреди улицы стоял автобус, преграждая путь автомобилям. 11) Она пришла в новой красивой шляпке. 12) Прошло два дня со дня его отъезда. 13) Река преградила им путь. 14) Я за руку ввел его в комнату. 15) За столом сидел человек в очках. 16) Я не могу идти на экзамен, не прочитав всех необходимых материалов. 17) Он шел с высоко поднятой головой. 18) Невозможно познать страну, не изучая ее истории. 19) Прошло много времени, с тех пор как я уснул. 20) Не успел он закончить подсчет, как раздался телефонный звонок.

Сандхи

Сандхи представляет собой морфонологическое явление, связанное с позиционно обусловленным изменением звуков и возникающее на стыке слов и морфем. Указанные изменения звуков происходят, в большинстве случаев, в словах, заимствованных из санскрита (слова татсама), хотя встречаются отдельные случаи сандхирования слов собственно хинди.

Сандхи гласных звуков имеет следующие разновидности:

1. Сочетания однородных звуков (кратких и долгих) приводит к образованию долгого звука:

a a и и у у
+ = ā + = и + = у
ā ā и и у у

शब्द + अर्थ = शब्दार्थ «значение слова», हिम + आलय = हिमालय «обитель снегов», विद्या + अर्थी = विद्यार्थी «студент» (*букв.* «жаждущий знаний»), विद्या + आलय = विद्यालय «инсти-

тут» (*букв.* «место знаний»), कवि + इंद्र = कवींद «царь поэтов», गिरि + ईश = गिरीश «хозяин гор» и т. п.

2.Сочетание разнородных звуков, приводящее к качественному изменению звука (правила гуна):

а и а у а
+ = е + = о + ри = ар
ā и ā у ā

परम + ईश्वर = परमेश्वर «великий бог», सूर्य + उदय = सूर्योदय «восход солнца», महा + उत्सव = महोत्सव «великий праздник» и т. п.

3. Сочетание звуков а и ā со звуками ступени гуна (правило вриддхи):

а е а о
+ = аи + = ау
ā аи ā ау

एक + एक = एकैक «одинокий», मत + ऐक्य = मतैक्य «единодушие», महा + ओज = महौज «очень сильный» и т. п.

Словосложение

Словосложение является морфолого-синтаксическим способом словообразования. Некоторые типы сложных слов по структуре тождественны словосочетаниям, и их можно рассматривать как беспослеложные словосочетания: स्वतंत्रतासेनानी «борец за независимость», पटसन उद्योग «джутовая промышленность», विश्वयुद्ध «мировая война», इस्पात उत्पादन «производство стали». Как видно из примеров, беспослеложные словосочетания могут быть цельнооформленными и раздельнооформленными. Однако другим типам сложных слов в большей степени присущи признаки цельнооформленности, что проявляется в: 1) стирании грамматического значения у первого компонента (घोडθागाडθी «конная повозка» является словом женск. рода, хотя घोडθा «конь» - слово мужск. рода); это свойство отчетливо проявляется при усеченных, грамматически «мертвых» основах: घुडθसवार «всадник», पंचवर्षीय «пяти-

летний»), 2) фиксированном порядке следования компонентов (कमजθोर «малосильный», शांतिप्रय «миролюбивый»), 3) морфонологических особенностях при реализации правила сандхи (कालावधि «период времени», प्रश्नोत्तर «дебаты»), 4) графическом облике сложного слова, которое пишется слитно, реже – через дефис.

По характеру отношений между компонентами сложного слова они могут быть: 1) сочинительными (при сочетании равноправных компонентов): माँ-बाप «родители» («мать-отец»), प्रश्नोत्तर «дебаты» («вопрос-ответ») и 2) подчинительными (второй компонент является ведущим, лексически управляющим первым): मार्गदर्शक «проводник» («указывающий путь»), भ्रष्टाचार «коррупция» («испорченное поведение»), गतिविधि «активность» («движения способ»).

पाठ

भारतीय सभ्यता के कुछ स्मारक

हमारी संस्कृति की जडेंθ अमरता के स्रोतों में अत्यंत दृढθता से एवं गहराई तक जमी हुई हैं जो सरलता से सूख नहीं सकतीं ।

मा० स० गोलवलकर

भारत की हजθारों साल की सभ्यता और संस्कृति ने अनेकानेक ऐसे स्मारक और स्थल दिये हैं, जो विश्वभर में अद्वितीय हैं, बेजोडθ हैं । भारत प्राचीन सांस्कृतिक और प्राकृतिक अनमोल विरासतों का अक्षय भंडार है । इस अनमोल भंडार में अजंता सर्वोपरि है । अजंता महाराष्ट्र के औरंगाबाद नगर से १०४ किलोमीटर दूर बाधेरा नदी के किनारे तीस गुफाओं का समूह है । गुफाओं की भित्तियों पर बने भित्तिचित्रों के लिए अजंता विश्वविख्यात है । ये भित्तिचित्र ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी से लेकर सातवीं-आठवीं शताब्दी तक की एक लंबी अवधि में

निरंतर बनते रहे हैं । ये चित्र प्रमुखत: बोद्ध धर्म से संबंधित हैं । इन चित्रों में भगवान् बुद्ध और उनके जीवन की घटनाएँ व जातक कथाएँ अंकित हैं । इसके साथ ही राजदरबारों, महलों, नगरों, कस्बों व गाँवों के समसामयिक जीवन का भी अंकन है, इसी कारण अजंता की गुफाएँ एक प्रकार से राष्ट्रीय चित्र-दीर्घा का महत्व ले लेती हैं ।

अजंता की तरह ही एलोरा और एलीपक्षेंटा की गुफाएँ बहुचर्चित रही हैं । महाराष्ट्र के औरंगाबाद से २८ किलोमीटर दूर और अजंता से ७६ किलोमीटर दूर एलोरा भी चौंतीस गुफाओं का एक समूह है, जिसमें बौद्ध, ब्राह्मण और जैन – इन प्रमुख तीन धर्मों के शिला-खंडों से तराशे गये भव्य मंदिर हैं । एलोरा गुफा-मंदिर वास्तुकला की पराकाष्ठा का उदाहरण हैं जिनका निर्माण ईसा की पाँचवीं सदी से लेकर तेरहवीं सदी तक की कालावधि में हुआ । इनमें पहली बारह गुफाएँ बौद्ध गुफाएँ हैं, जिनका निर्माण पाँचवीं और सातवीं शताब्दी में हुआ । इसके बाद ७ गुफाएँ ब्राह्मण धर्म की हैं । सोलहवीं गुफा जो कैलाश गुफा के नाम से जानी जाती है, शैलोत्कीर्ण गुफा-मंदिरों का अद्वितीय उदाहरण है, जो अपनी आनुपातिकता, श्रेष्ठ कारीगरी, वास्तुकला और मूर्ति-सज्जा के लिए प्रसिद्ध है । यह शैव मंदिर है । इसके बडेθ कक्ष के पृष्ठभाग में गर्भगृह है, जिसमें शिवलिंग स्थापित है । इसका शिखर द्रविडθ शैली का है । मंडप सोलह स्तंभों से युक्त सपाट छत वाला है । इसके सामने शिव के वाहन नंदी के लिए अलग मंडप है, जिसके चारों ओर खुला आँगन है । आँगन में दो ध्वज-स्तंभ हैं । यह मंदिर प्रभावशाली और विरल मूर्तियों से सुसज्जित है । इन मूर्तियों में कैलाश पर्वत को उठाने का प्रयास करते हुए रावण की मूर्ति मूर्तिकला का अप्रतिम उदाहरण है ।

क्रमांक तीस से लेकर चौंतीस तक की गुफाएँ जैन गुफाएँ हैं । ये गुफाएँ अन्य सभी गुफाओं से बडθी, समानुपातिक और अलंकृत हैं ।

मुंबई के पास धारापुरी नामक छोटे से द्वीप पर एलीफेंटा सात गुफाओं का एक समूह है । सन् १८०४ में इस द्वीप पर एक विशाल हाथी की प्रतिमा प्राप्त हुई थी, तभी खोज करने पर ये गुफाएँ प्रकाश में आयीं और इसीलिए इसका नाम एलीफेंटा की गुफाएँ पड गया । इनका रचना काल लगभग छठी शताब्दी है । ये ब्राह्मण धर्म के गुफा-मंदिर हैं, इनमें सबसे महत्वपूर्ण महेश मूर्ति गुफा है, जिसकी लंबाई ३९ मीटर है तथा संरचना में एलोरा की एक गुफा के समान है । प्रवेश द्वार के सामने, गुफा के पीछे की दीवार पर उत्कीर्ण त्रिमूर्ति शिव की प्रतिमा मूर्तिकला की दृष्टि से अद्वितीय है । यहाँ के भीमकाय द्वारपालों की प्रतिमाएँ अत्यंत प्रभावशाली हैं । अर्धनारीश्वर, शिव-पार्वती विवाह, कैलाश पर्वत को उठाने का प्रयास करते हुए रावण, अंधकासुरबंध और नटराज की प्रतिमाएँ मूर्तिकला की उत्कृष्टता को दर्शाती हैं ।

कांजीवरम या कांचीपुरम (स्वर्ण-नगर), जैसा इसका नाम प्राचीन समय में था, दक्षिण में मद्रास से प्राय: ६० किलोमीटर दूर है । कांजीवरम शिव और विष्णु दोनों की पूजा की दृष्टि से पवित्र माना जाता है और यहाँ दोनों के अनेक मंदिर हैं । सच तो यह है कि कांजीवरम मंदिरों का ही नगर है । बडे, छोटे, नये और पुराने हर प्रकार के मंदिर यहाँ मिलेंगे । एकम्बरेश्वर का मंदिर, जो नगर में सबसे बडा है, प्राय: २५ एकड भूमि पर फैला हुआ है । इसके “गोपुरम” या बुर्ज में दस मंजिलें हैं और यह ६० मीटर से अधिक ऊँचा है । विशाल कामाक्ष्यम्मन मंदिर में तीस गोपुरम हैं । इनमें से दक्षिण की ओर वाला गोपुरम मुख्य द्वार के ऊपर है ।

लगभग ६६७ ई. में पल्लवों द्वारा बनवाया हुआ शिव का दूसरा महत्वपूर्ण देवालय श्री कैलाशनाथ का मंदिर है । यह अपने अद्भुत संगतराशी के लिए प्रसिद्ध है । कांजीवरम के शिव भाग में और भी कई मंदिर हैं । इनमें से सबसे मनोहर है चित्रगुप्त का मंदिर जो दक्षिण भारत में अपनी तरह का एक

ही है । चित्रगुप्त यमराज के मंत्री कहे जाते हैं । ये मनुष्य के पाप और पुण्य का लेखा रखते हैं ।

शिव कांची में सात पवित्र कुंड हैं जिनमें मनुष्य स्नान के लिए आते हैं । ये कुंड सप्ताह के सात दिनों के नाम पर हैं ।

कांजीवरम के वरदराज स्वामी का मंदिर कुछ अन्य मंदिरों की भाँति उतना प्राचीन नहीं है किंतु पिछले ४०० वर्षों से बहुत प्रसिद्ध रहा है । इस मंदिर की पूजा में प्रयोग किये जाने वाले आभूषणों को देखने को भी किसी को नहीं चूकना चाहिये । इनमें से एक बहुमूल्य हार है जिसके विषय में कहा जाता है कि लार्ड क्लाइव ने मंदिर को भेंट किया था । मंदिर में ३३ मीटर ऊंचा एक गोपुरम है, जिसमें सात मंजिθलें हैं । इसमें कई एक देवालय और मंडप हैं जिनमें सुंदर पत्थर का काम है । एक बडθ कमरे में ९६ खंभे हैं जिनके नीचे के भाग में पत्थर के गढेθ हुए घुडसवार अपने घोडθों को पकडθ हुए बने हैं । दूसरे बडेθ कमरे में बडेθ-बडθ रथ रखे हैं जिनपर त्यौहारों के अवसर पर देवता जुलूसों में निकाले जाते हैं । यहाँ बडθ-बडθ छत्र भी दिखाई पडθते हैं । जब देवताओं की मूर्तियाँ एक मंदिर से दूसरे में ले जायी जाती हैं तो उनके ऊपर ये लगाये जाते हैं । तीर्थयात्रियों की बडθी भीडθ इनके पीछे चलती है और कुछ थोडθ से चुने हुए लोग भगवान् की स्तुति में वेदों के श्लोक पाठ करते चलते हैं ।

गुजरात में गिरनार एक ऊँचा पर्वत है जिसकी अधिकतम ऊँचाई लगभग ६०० मीटर हैं । पर्वत पर ९९९९ सीढिθयाँ बनी हुई हैं । पर्वत पर कुल मिलाकर ११ और १२ वीं सदी के १६ जैन मंदिर हैं । अनेक मंदिरों पर मुगल शैली से प्रभावित विशाल गुंबद बने हुए हैं, जिनपर सुंदर मीनाकारी की हुई है । जैन मंदिरों से और ऊपर चढθने पर अम्बिका देवी का सुंदर मंदिर तथा अनेक हिंदू मंदिर हैं ।

गिरनार पर्वत से लगभग ५ किलोमीटर दूर जूनागढθ नगर है । इसके समीप अपरकोट का पुराना किला है जिसकी दीवारें

कहीं पर २० मीटर ऊंची हैं। अपरकोट किले से गिरनार पर्वत पर जाते समय प्रसिद्ध अशोक चट्टान है जिसका आकार ६,५ मीटर है । इसपर सम्राट अशोक के २५० इ. पू. के पाली भाषा में १४ लेख अंकित हैं ।

आगरा का ताजमहल, किला और फतेहपुर सीकरी मुगलकाल की बहुचर्चित इमारतें हैं । ताजमहल मुगल बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताजθ की याद में बनवाया था, जो सत्रह वर्ष में बनकर सन् १६४८ में तैयार हुआ । सपθेद संगमरमर का बना यह भव्य मकबरा कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के शब्दों में काल के गाल पर ठहरे हुए अश्रु के समान अद्‌भुत और अद्वितीय है, जिसे देखने के लिए दुनिया भर के कोने-कोने से प्रति वर्ष लाखों दर्शक आते हैं ।

ताजमहल से डेढθ किलोमीटर दूर मुगल सम्राट अकबर का सन् १५७५ में बनवाया गया किला मुगलकालीन स्थापत्य का प्रारंभिक उदाहरण है । एक अनियमित त्रिभुजाकार योजना में निर्मित कँगूरों से युक्त लाल-बलुआ पत्थर की दोहरी दृढθ प्राचीर से घिरा हुआ यह किला लगभग दो किलोमीटर क्षेत्रफल में फैला है । अकबर के बाद इस किले में जहाँगीर और शाहजहाँ ने भी कई इमारतें बनवायीं, जिनमें जहाँगीरी महल, खθास महल, दीवान-ए-आम, दीवान-ए-खθास, मच्छी भवन और मोती मस्जिद मुख्य हैं ।

किले को बनवाने के साथ-साथ अकबर ने आगरा के कुछ ही किलोमीटर दूर पθतेहपुर सीकरी में अपनी राजधानी बनवायी । यहाँ की इमारतों और स्मारकों में बुलंद दरवाजθा अपनी ऊँचाई और भव्यता के लिए तथा शैख सलीम चिश्ती की दरगाह सीप के नाजθुक काम के लिए सर्वाधिक उल्लेखनीय हैं । दीवान-ए-आम, मरियम का महल, जोधाबाई का महल, बीरबल का भवन, नौबतखθाना, टकसाल और खθजθाना आदि यहाँ की दर्शनीय इमारतें हैं ।

खजुराहो और कोणार्क का मंदिर तो हमारी विशिष्ट विरासतें हैं ही । मध्य प्रदेश में ओरछा के समीप खजुराहो में कभी ८५ मंदिर थे, जिनमें से आज केवल पच्चीस ही बच रहे हैं । ये मंदिर दसवीं सदी में चंदेल नरेशों ने बनवाये थे, जो तीन समूहों - पूर्वी, पश्चिमी और दक्षिणी में विभाजित हैं । यहाँ पर प्राचीनतम मंदिर चौसठ योगिनियों का है, जो नवीं सदी का है और सर्वाधिक उल्लेखनीय मंदिर कंदरिया महादेव का है । यहाँ के सब मंदिर उत्कृष्ट श्रेणी के गुलाबी तथा हलके पीले रंग के बलुआ पत्थरों से निर्मित हैं । इन मंदिरों का निर्माण ऊँची जगती पर अत्यंत प्रभावी योजना के अंतर्गत हुआ, जिनमें कुछ मंदिर पंचायतन शैली के हैं ।

कोणार्क का सूर्य मंदिर अपने ढंग का अनूठा मंदिर तो है ही, साथ ही उडीसा की वास्तुकला की पराकाष्ठा का ज्वलंत उदाहरण है । सन् १२५० में गंगवंशीय नरेश नरसिंह देव द्वारा बनवाया यह मंदिर २४ पहियों वाले एक विशाल रथ के रूप में निर्मित है जिसे सात घोडθों द्वारा खींचते हुए दिखाया गया है ।

तमिलनाडु का महाबलीपुरम अपने रथ मंदिरों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है । वे कई रथ मंदिर हैं । एक से तीन मंजिθलों में तराशे गये ये एकाश्म रथ वास्तुकला के विशेष रूप को प्रदर्शित करते हैं ।

सांची के बोद्ध स्तूप को, जो ईसा के पूर्व की दूसरी सदी में महान् सम्राट अशोक ने बनवाया, कुछ वर्ष पूर्व विश्वविरासत की सूची में सम्मिलित किया गया है । मध्य प्रदेश में भोपाल से ४५ किलोमीटर की दूरी पर स्थित सांची अपनी समृद्ध एवं उत्कृष्ट शिल्प एवं स्थापत्य कला के लिए कला जगत् में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है ।

दिल्ली का बहाई उपासना मंदिर विश्व में बने उपासना मंदिरों में सातवाँ है । मंदिर का निर्माण-कार्य १९७० में प्रारंभ हुआ और धर्मों की एकता तथा मानव-एकता के नाम उसे

१९८६ में समर्पित कर दिया गया । मंदिर के शिल्पी फरीबुर्ज ने कमल-पुष्प के आकार में इसके निर्माण की परिकल्पना की । कमल-पुष्प, जो धर्म और उपासना से अटूट रूप से संबंधित है, जो सौंदर्य और पावनता का प्रतीक है, जिसमें आध्यात्मिक प्रकाश और निरंतर विकास का आदर्श सन्निहित है, जो भारत में प्रचलित सभी धर्मों से संबद्ध रहा है और धर्म का सार्वभौमिक प्रतीक है । इस मंदिर में एक मुख्य प्रार्थना सभागार है और एक सहायक भवन है, जिसमें पुस्तकालय, प्रशासनिक कक्ष, श्रव्य-दृश्य कक्ष और सम्मेलन कक्ष हैं । कमल-पुष्प के आकार के इस मंदिर के गिर्द प्लेटपθार्म और सीढिθयाँ हैं जो कमल के जल में तैरते पत्तों के प्रतीक नौ सरोवरों को घेरे हुए हैं । ये सरोवर कमल की पंखुडिθयाँ हिमश्वेत संगमरमर से मंडित हैं जो कंक्रीट की नयी सतह पर टँगे हैं ।

नये शब्द

अंकन **анкан** *м.* 1) нанесение знаков; 2) описание; 3) регистрация

अंकित **анкит** 1) отмеченный; обозначенный; 2) изображенный

अक्षय **акшай** вечный; неистощимый

अटूट **атут** 1) нерушимый, крепкий; 2) небьющийся; 3) огромный

अत्यंत **атйант** 1) чрезвычайный; 2) огромный, чрезмерный; 3) самый

अद्‌भुत **адбхут** 1) удивительный; изумительный; 2) необычайный

अद्वितीय **адвитий** 1) уникальный; 2) бесподобный, несравненный

अनमोल **анмол** 1) неоценимый; бесценный; 2) прекрасный

अनियमित **анийамит** 1) нерегулированный; 2) нерегулярный, случайный; 3) незаконный

अनूठा **анутха** редкий, необычный

अनेकानेक **анеканек** очень много

अप्रतिम **апратим** бесподобный, несравненный

अमरता **амарта** *ж.* бессмертие; вечность

अलंकृत **аланкрит** 1) украшенный; 2) удостоенный

अश्रु **ашру** *м.* слеза

आध्यात्मिक **адхйатмик** духовный

आनुपातिकता **анупатикта** *ж.* пропорциональность

आभूषण **абхушан** *м.* 1) украшение; 2) украшение, орнамент

उत्कीर्ण **уткирн** высеченный; выгравированный

उत्कृष्ट **уткришт** наилучший, превосходный, отличный

उत्कृष्टता **уткриштта** *ж.* 1) превосходность; 2) высококачественность

एकडθ **екар** *м.* акр

एकाश्म **екашм** 1. монолитный; 2. *м.* монолит

कंक्रीट **канкрит** *ж.* бетон

कँगूरा **кагура** *м.* 1) башня; 2) зубец (*крепостной стены*)

कारीगरी **каригари** *ж.* 1) мастерство, искусство; 2) произведение искусства

कालावधि **калавадхи** *ж.* срок; период времени

-कालीन **калин** относящийся ко времени, эпохе

कुंड **кунд** *м.* водоем, пруд

क्रमांक **краманк** *м.* порядковый номер

क्षेत्रफल **кшетрпхал** *м.* площадь

खंड **кханд** *м.* 1) часть; кусок; 2) часть, глава, раздел; 3) район, округ

खींचना **кхична** *п.* 1) тащить, тянуть; 2) притягивать, привлекать; 3) рисовать; чертить

गढθना **гархна** *п.* 1) изготовлять; 2) формировать; 3) сочинять

गर्भगृह **гарбхгрих** *м.* 1) внутренняя часть дома; 2) часть храма с главным божеством

गहराई **гахраи** *ж.* 1) глубина; 2) серьезность

गाल **гал** *м.* шека

गिर्द **гирд** के ~ *посл.* кругом, вокруг

गुरु **гуру** *м.* гуру, наставник

गुफा **гупха** *ж.* пещера

गुलाबी **гулаби** розовый

गोपुरम **гопурам** *м.* надвратная башня, гопурам

घिरना **гхирна** *нп.* 1) быть окруженным; 2) быть огороженным

घुडθसवार **гхурсавар** *м.* всадник

चट्टान **чаттан** *ж.* скала; утес

छत्र *м* зонт, зонтик

जगत् **джагат** *м.* мир, вселенная

जगती **джагати** *ж.* основание; платформа

जातक **джатак** *м. лит.* джатака (*история одного из рождений Будды; тж.* जातक कथा)

ज्वलंत **джвалант** 1) яркий, убедительный; 2) горящий, пылающий

टँगना **тагна** *нп.* висеть, быть подвешенным

टकसाल **таксал** *ж.* монетный двор

ठाकुर **тхакур** *м.* 1) помещик; 2) титул кшатрия; 3) бог

तराशना **тарашна** *п.* 1) резать; 2) отрезать; 3) кроить

तीर्थ **тиртх** м. 1) место паломничества; 2) паломничество

तीर्थयात्री **тиртхйатри** *м.* паломник

त्यौहार **тйаухар** *м.* праздник

त्रिभुजाकार **трибхуджакар** 1) трехсторонний; 2) треугольный

त्रिमूर्ति **тримурти** *ж.* триада богов (*Брахма, Вишну, Шива*)

दरगाह **даргах** *ж.* гробница; место захоронения святого

दरबार **дарбар** *м.* царский двор

दर्शाना **даршана** *п.* 1) показывать; 2) описывать, изображать

दीर्घा **диргха** *ж.* 1) галерея; 2) балкон

देवता **девта** *м.* бог, божество

देवालय **девалай** *м.* храм; молельня

दोहरा **дохра** 1) двойной; 2) двойственный

द्वारपाल **дварпал** *м.* привратник

ध्वज **дхвадж** *м.* знамя, флаг

नाजुθक **назук** 1) тонкий, нежный; 2) критический; 3) тяжелый

निरंतर **нирантар** 1. 1) беспрерывный, непрерывный; 2) постоянный; 2. непрерывно; постоянно

नौबतखθाना **наубаткхана** *м.* наубатхана (*надвратное помещение для музыкантов*)

पंचायतन **панчайатан** *м.* изображение пяти богов

पकडθना **пакарна** *п.* 1) хватать; 2) ловить; 3) захватывать; 4) догонять; 5) удерживать

पंखुडθी **панкхури** *ж.* лепесток

पत्ता **патта** *м.* 1) лист; 2) игральная карта; 3) карточка

पराकाष्ठा **паракаштха** *ж.* 1) граница, предел; 2) высшая степень

परिकल्पना **парикалпна** *ж.* 1) воображение; фантазия; 2) гипотеза; 3) проектирование; ~ करना проектировать

पहिया **пахийа** *м.* колесо

पाप **пап** *м.* 1) грех; 2) вина, проступок; ~ करना грешить

पाली **пали** *ж.* язык пали

पावनता **паванта** *ж.* чистота; святость

पुण्य **пунйа** 1. всященный; 2. *м.* доброе дело, добро

पुष्प **пушп** *м.* цветок

पूजा **пуджа** *ж.* богослужение; ~ करना совершать обряд богослужения

पृष्ठभाग **пририштхбхаг** *м.* 1) задняя часть; 2) обратная сторона

प्रकाश **пракаш** *м.* свет

प्रतिमा **пратима** *ж.* 1) статуя; 2) изображение божества

प्रतीक **пратик** *м.* знак, символ, эмблема

प्रदर्शित **прадаршит** 1) показанный; 2) выставленный напоказ

प्रभावित **прабхавит** 1) находя- щийся под впечатлением; 2) испытывающий влияние

प्रभावी **прабхави** 1) воздействующий; 2) влиятельный

प्रमुखत: **прамукхтах** главным образом, преимущественно

प्रशासनिक **прашасник** административный

प्राचीर **прачир** *м.* городская или крепостная стена

प्रारंभिक **прарамбхик** 1) первоначальный; 2) элементарный

बहुचर्चित **бахучарчит** 1) неоднократно упоминаемый; 2) известный

बहुमूल्य **бахумулйа** драгоценный

बलुआ **балуа** песчаный

बुर्ज **бурдж** *м.* 1) башня; 2) вышка

बुलंद **буланд** 1) высокий; 2) громкий

भगवान **бхагван** м. бог

भव्य **бхавйа** 2) великолепный, красивый; 2) пышный

भव्यता **бхавйата** *ж.* великолепие; пышность

भित्ति **бхитти** *ж.* стена

भित्तिचित्र **бхиттичитр** *м.* фреска

भीमकाय **бхимкай** огромный, гигантский

मंडित **мандит** 1) разукрашенный; 2) покрытый

मच्छी **маччхи** *ж.* рыба

मनोहर **манохар** очаровательный, прекрасный

महादेव **махадев** *м.* великий бог (*эпитет Шивы*)

मीनाकारी **минакари** *ж.* покрытие эмалью; ~ करना покрывать эмалью

मूर्तिकला **муртикала** *ж.* ваяние, скульптура

मोती **моти** *м.* жемчуг, жемчужина

युक्त **йукт** соединенный, связанный; *зд.* поддерживаемый

योगिनी **йогини** *ж.* демоническая богиня (*служанка Дурги*)

रथ **ратх** *м.* колесница

राज **радж** *м.* 1) *см.* राज्य ; 2) *в сложных словах – первый компонент:* государственный; царский

लेख **лекх** *м.* 1) надпись; 2) статья

लेखा **лекха** *м.* 1) счет; 2) подсчет; 3) оценка; ~ रखना вести счета

-वंशीय **ванший** династический

वाहन **вахан** *м.* средство передвижения

विरल **вирал** редкий, уникальный

विरासत **вирасат** *ж.* 1) наследство; 2) наследие

विशिष्ट **вишишт** 1) особый, специфический; 2) необыкновенный

शिखर **шикхар** *м.* 1) верх, вершина; 2) купол; башня-шикхара

शिला **шила** *ж.* 1) камень; 2) скала

शिल्प **шилп** *м.* ремесло

शिल्पी **шилпи** *м.* мастер; строитель; ремесленник

शिवलिंग **шивлинг** *м.* лингам (*Шива в виде каменного фаллоса*)

शैख **шейх** *м.* 1) шейх; 2) основатель религиозного толка

शैलोत्कीर्ण **шайлоткирн** вырубленный в скале; высеченный на камне; наскальный

श्रव्य **шравйа** предназначенный для восприятия на слух, аудивный

श्रेष्ठ **шрештх** 1) наилучший; превосходный; 2) старший, главный

श्लोक **шлок** *м.* 1) шлока (*санскритское двустишие*); 2) хвала

संगतराशी **сангатараши** *ж.* резьба по камню

संबद्ध **самбаддх** 1) связанный; соединенный;2)относящийся

संरचना **санрачна** *ж.* 1) строительство; 2) структура, строение

सज्जा **саджджа** *ж.* 1) украшение, убранство; 2) оборудование; 3) снаряжение, амуниция

सन्निहित **саннихит** приложенный; 2)относящийся приставленный

सभागार **сабхагар** *м.* зал заседаний

समसामयिक **самсамайик** 1) одновременный; 2) современный

समान **саман** 1) похожий, подобный; 2) равный, одинаковый; के ~ *посл.* подобно

समानुपातिक **саманупатик** пропорциональный, соразмеримый

समीप **самип** 1. близкий; 2. के ~ *посл.* около, рядом

समूह **самух** *м.* 1) скопление; 2) коллектив, группа

समृद्ध **самриддх** 1) процветающий; 2) зажиточный, богатый

सम्मिलित **саммилит** соединенный, объединенный

सरलता **саралта** *ж.* 1) прямота; 2) простота; 3) легкость

सरोवर **саровар** *м.* 1) озеро; 2) пруд, водоем

सर्वाधिक **сарвадхик** 1.1) наибольший; 2) преобладающий; 2. более того, наиболее

सर्वोपरि **сарвопари** 1. высший, верховный; 2. сверх всего

सार्वभौमिक **сарвабхаумик** 1) суверенный; 2) всемирный, мировой

सीप **сип** *м., ж.* 1) раковина; 2) перламутр

सुसज्जित **сусаджджит** 1) декорированный; 2) нарядный; хорошо оснащенный

सूची **сучи** *ж.* 1) список, опись; 2) каталог, указатель

सूर्य **сурйа** *м.* солнце

सौंदर्य **саундарйа** *м.* красота

स्तुति **стути** *ж.* восхваление

स्तूप **ступ** *м.* ступа

स्थापत्य **стхапатйа** *м.* архитектура, зодчество

स्नान **снан** *м.* купание; омовение; ~ करना совершать омовение

स्वामी **свами** *м.* 1) хозяин, владелец; 2) свами (*титул святого*)

हार **хар** *м.* ожерелье

हिमश्वेत **химшвет** белоснежный

भौगोलिक नाम

अजंता деревня (*ш. Махараштра*)

अपरकोट населенный пункт (*ш. Гуджарат*)

आगरा город (*ш. Уттар Прадеш*)

ओरछा населенный пункт (*ш. Мадхья Прадеш*)

औरंगाबाद город (*ш. Махараштра*)

एलीपफेंटा *о.* Элифанта (*в Бомбейском заливе*)

एलोरा Эллора (*храмовый комплекс, ш. Махараштра*)

कांजीवरम् *см.* कांचीपुरम

कांचीपुरम город (*ш. Тамилнаду*)

कैलाश гора в Гималаях (*обитель Шивы; находится в Тибете*)

खजुराहो храмовый комплекс (*ш. Мадхья Прадеш*)

गिरनार возвышенность (*ш. Гуджарат*)

जूनागढθ город (*ш. Гуджарат*)

ताजमहल усыпальница (*г. Агра*)

धारापुरी см. एलीपफेंटा

पफतेहपुर सीकरी развалины столицы Акбара (*ш. Уттар Прадеш*)

बघेरा река (*ш. Махараштра*)

मुंबई Мумбаи (*новое название г. Бомбей*)

सांची место (*ш. Мадхья Прадеш*)

निजी नाम

अंधकासुरबंध Андхакасур-бандх (*один из эпитетов Шивы*)

अंबिका Амбика (*один из эпитетов Парвати – жены Шивы*)

अकबर Акбар, могольский император Индии (1556 - 1605)

अर्धनारीश्वर Ардханаришвар (*Шива и Парвати в одном образе*)

एकम्बरेश्वर Екамбарешвар (*один из эпитетов Вишну*)

कंदरिया महादेव Кандария Махадев (*один из эпитетов Шивы*)

कामाक्ष्यम्मन Камакшйамман (*один из эпитетов Дурги, или Деви*)

कैलाशनाथ Кайлашнатх (*один из эпитетов Шивы*)

क्लाइव Клайв, Роберт, лорд (1725 - 1774), губернатор Бенгалии

चंदेल династия Чанделов (IX – XII вв. н. э.)

जहांगीर Джахангир, могольский император (1605 - 1627)

जोधाबाई Джодхабаи (*наложница Акбара, мать Джахангира*)

नंदी Нанди (*слуга и привратник Шивы, изображается в облике быка*)

नटराज Натрадж (*один из эпитетов Шивы в облике «короля танца»*)

नरसिंह देव Нарсинх Део (*представитель династии «восточных» Гангов в ш. Орисса*)

पल्लव династия Паллавов (VI – VIII вв. н. э., *Южная Индия*)

पार्वती Парвати (*жена Шивы*)

बीरबल Бирбал (*приближенный Акбара*)

मरियम Мариам (*жена Акбара*)

महेश Махеш (*один из эпитетов Шивы*)

यमराज Ямрадж (*один из эпитетов Ямы, бога смерти*)

रवींद्रनाथ ठाकुर Рабиндранатх Тагор (1861 - 1941)

रावण Раван (*правитель Шриланки, демон с десятью головами*)

वरदराज Варадрадж (*один из эпитетов Агни, бога огня*)

विष्णु Вишну (*один из трех главных индусских богов*)

शिव Шива (*один из трех главных индусских богов*)

सलीम चिश्ती Салим Чишти (*мусульманский суфий, приближенный Акбара*)

टिप्पणियाँ

1. चित्र-दीर्घा «картинная галерея»
2. शिलाखंड «скальный монолит»
3. गुफा-मंदिर «пещерный храм»
4. मूर्ति-सज्जा «убранство скульптур»
5. ध्वज-स्तंभ «флагшток», «флагмачта»
6. प्रकाश में आना «обнаруживаться», «появляться на свет»
7. भेंट करना «дарить», उसने मित्र को किताब भेंट की «он подарил книгу другу»
8. पाठ करना «читать вслух», «произносить»
9. कविगुरु «учитель поэтов» (*титул Рабиндраната Тагора*)
10. अनियमित त्रिभुजाकार योजना में निर्मित «построенный в виде неправильного треугольника»
11. लाल-बलुआ पत्थर «красный песчаник»
12. जहांगीरी महल «Дворец Джахангира»
13. खास महल «Хас махал» (*«Дворец Шахджахана»*)
14. मच्छी भवन «Маччхи бхаван» (*«Дворец с рыбками», личные покои императора с рядом неглубоких каналов, где плавали декоративные рыбки*)
15. मोती मस्जिद «Моти масджид» (*«Жемчужная мечеть»; облицована белым мрамором*)
16. बुलंद दरवाजा «Триумфальные ворота»
17. सूर्य मंदिर «храм солнца»
18. रथ मंदिर «храм-колесница»
19. विश्व विरासत की सूची में सम्मिलित «включенный в список зданий, охраняемых мировым сообществом»
20. कला जगत «мир искусств»

21. प्रार्थना सभागार «молельный зал»
22. प्रशासनिक कक्ष «комната администрации»
23. श्रव्य-दृश्य कक्ष «зал аудиовизуальной пропаганды»
24. सम्मेलन कक्ष «конференц-зал»

पाठ के अभ्यास

१) निम्नलिखित शब्दसमुदायों का अनुवाद कीजिये ।

अद्वितीय स्मारक, अनमोल विरासत, अक्षय भंडार, विरासत छोडθना, शैलोत्कीर्ण गुफा-मंदिर, भित्तिचित्रों में अंकित, चट्टान पर अंकित लेख, जातीय समूह, पशुओं का समूह, निरंतर उन्नति, सर्वोपरि भगवान्, भगवान् बुद्ध, अमरता का स्रोत, विषय की गहराई तक पहुँचना, दो मीटर की गहराई पर, भाषा की सरलता, समसामयिक जीवन, शिलाखंडों से तराशना, भव्य स्वागत, भव्य मंदिर, वास्तुकला की पराकाष्ठा, लेख को पराकाष्ठा तक पहुँचाना, नाखून तराशना, कपडθा तराशना, गुफा-मंदिरों की संरचना की आनुपातिकता, श्रेष्ठ कारीगरी, श्रेष्ठ कविता, प्रतिमा में दिखायी गयी कारीगरी, रंगशाला की सज्जा, शैव मंदिर, मंदिर का पृष्ठभाग, पर्वत के शिखर पर, शिखर सम्मेलन, विरल मूर्तियों से सुसज्जित गुफा-मंदिर, अनेकानेक स्तंभों से युक्त मंडप, विजय का ध्वज, मूर्तिकला का अप्रतिम उदाहरण, भित्तिचित्रों से अलंकृत गुफा, गुफा का क्रमांक, शिवलिंग की पूजा, भगवान् की प्रतिमा, भित्ति पर उत्कीर्ण त्रिमूर्ति, द्वारपाल की भीमकाय प्रतिमा, मूर्तिकला की उत्कृष्टता, समानुपातिक संरचना, भीमकाय देवता की आकृति, अद्भुत संगतराशी, मनोहर दृश्य, बहुमूल्य आभूषण, पाप और पुण्य का लेखा रखना, व्यक्तिगत लेखा, बहुचर्चित देवालय, मच्छी पकडθना, गाडθी पकडθना, विद्रोही पकडθना, पवित्र कुंड, संपत्ति का स्वामी, बहुमूल्य हार, भगवान् की स्तुति, श्लोक पाठ करना, आभूषण गढθना, कहानी गढθना, प्रतिमा

गढθना, घुडθसवार सेना, अद्भुत मीनाकारी, अश्रुगैस, गुलाबी गाल, गाल पर थप्पडθ जडθना, सिखों के दस गुरु, गुरूपदेश, प्रारंभिक ज्ञान, प्रारंभिक उदाहरण, मुगलकालीन स्थापत्य, अनियमित सेना, कँगूरों से युक्त प्राचीर, लाल-बलुआ पत्थर, गुल(ाबी व हलके पीले रंग के बलुआ पत्थर, दोहरी प्राचीर से घिरा हुआ किला, भव्यता के लिए विश्वविख्यात, शैख की दरगाह, नाजुθक मामला, नाजθुक हालत, सीप के बटन, सर्वाधिक मत प्राप्त व्यक्ति, बहुमूल्य मोती, मोतियों का हार, पत्थर को खींचकर बाहर निकालना, रेखा खींचना, विशिष्ट सेवा, विशिष्ट विरासत, उत्कृष्ट श्रेणी, प्रभावी योजना, सूर्योदय, अनूठा विषय, अनूठा मंदिर, ज्वलंत उदाहरण, ज्वलंत प्रश्न, अगला पहिया, वीरता प्रदर्शित करना, प्रदर्शित वस्तुएँ, सूची में सम्मिलित करना, सभा में सम्मिलित होना, सम्मिलित मोरचा, समृद्ध शब्दभंडार, समृद्ध देश, उत्कृष्ट शिल्प, मंदिर का शिल्पी, बाल जगत, सौंदर्य का प्रतीक, सार्वभौमिक राज्य, आध्यात्मिक मूल्य, अटूट संबंध, अटूट शीशा, प्रशासनिक दंड, हिमश्वेत संगमरमर, नाजुθक पंखुडिθयाँ, सरोवर के कमल, हवादार सभागार, सूखा पत्ता, निर्माण की परिकल्पना, संगमरमर से मंडित ।

२) निम्नलिखित शब्दसमुदायों का अनुवाद कीजिये ।

неиссякаемый запас, культурное наследие, непрерывное развитие, уникальный храм, вырубать в скале, пещерный фрески, вырубленный из каменного монолита, шедевр архитектуры, верховное божество, пропорциональность форм, несравненное мастерство, задняя часть молельного дома, тождественный по структуре, равные возможности, скульптурное изображение божества, украшенный скульптурой зал собраний, оснащенный современным оружием, гигантская скульптура Нанди, превосходный образец искусства, совершать обряд богослужения, поклоняться божеству, производить подсчет расходов на строительство, неповторимая резьба по камню, дорогое украшение, жемчужное ожерелье, успевать на поезд, схватить чело-

века за руку, читать ведические шлоки в честь богов, совершать омовение в священном водоеме, сочинять истории, воздать хвалу богу, тащить повозку, высокая скала, румяные щеки, фиксировать добрые и дурные поступки, послать статью в газету, организовывать шествие в честь праздника, прибегать к помощи наставника, дарить ожерелье жене, начальное образование, треугольная платформа, двойная стена, ювелирная работа, яркий пример, эффективный план, заносить в список, специфическое оборудование, духовное богатство, суверенное право, административное здание, аудиовизуальная пропаганда, демонстрировать достижения экономики, символ святости, священное озеро, духовная красота, белоснежный лепесток лотоса, разрабатывать проект строительства храма, перламутровая шкатулка, стоять на высоком основании, розовый песчаник, нерушимая дружба, буддийская ступа, вырубать в монолите, могольская архитектура, символ мира.

३) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये ।

стена (3), главным образом (2), необычный (4), скала (2), бог (2), наилучший (3), резать (2), флаг (2), украшенный (2), свет (2), высокий (2), равный (2), показывать (3), храм (2), праздник (2), скульптура (2), архитектура (2), богослужение (2), влиятельный (2), водоем (2), озеро (2), близкий (3), особый (2), включенный (2), красота (2), висеть (2).

४) पाठ से भगवान् शिव के सब नाम लिख लीजिये ।

५) पाठ से सभी समस्त शब्दों को लिख लीजिये ।

६) अनुवाद कीजिये ।

१) यह स्त्री अत्यंत सुंदर है । २) किसी भी विषय की गहराई तक पहुँचना अत्यंत महत्वपूर्ण है । ३) महाभारत समसामयिक जीवन के ज्ञान का अक्षय भंडार है । ४) इस गुफा के भित्तिचित्र विश्वविख्यात हैं । ५) दीवार पर राम का

नाम अंकित था । ६) खजुराहो हलके पीले रंग के पत्थरों से निर्मित मंदिरों का समूह है । ७) वर्षा निरंतर होती रहती है । ८) कवि राजदरबार में बुलाया गया । ९) एलोरा के गुफा-मंदिर शैलोत्कीर्ण हैं यानी इन्हें चट्टानों को काटकर बनाया गया था । १०) कुछ मंदिर शिलाखंडों से तराशे गये थे । ११) इस प्रतिमा में श्रेष्ठ कारीगरी दिखाई देती है । १२) बैठक की सज्जा मुसलमानी शैली से की गयी है । १३) प्रत्येक देश चाहता है कि उसकी सेना आधुनिक और श्रेष्ठ हथियार से सुसज्जित हो । १४) मुगलकालीन स्थापत्य पराकाष्ठा तक पहुँचा था । १५) गर्भगृह में मंदिर के मुख्य देवता की प्रतिमा स्थापित हुआ करती है । १६) यह लेख अलंकृत भाषा में लिखा है । १७) हिंदू देवताओं की प्रतिमाएँ बडθी भीमकाय होती हैं । १८) प्रत्येक हिंदू देवता के अपने-अपने वाहन होते हैं । १९) यह झंडा ध्वज-स्तंभ के ऊपर चढθाया गया । २०) इन गुफा-मंदिरों का निर्माण दो सदियों की कालावधि में पूरा हुआ था । २१) पृष्ठभाग की दीवार पर उत्कीर्ण त्रिमूर्ति मूर्तिकला का अप्रतिम उदाहरण है । २२) भारतीय मूर्तिकला की उत्कृष्टता विश्वविख्यात है । २३) भारतीय शिल्पी आभूषणों के गढθने में पराकाष्ठा तक पहुँचे । २४) जिन औरतों के संतान नहीं होती वे शिवलिंग की पूजा करती हैं । २५) हवाई अड्डे में भारतीय प्रधान मंत्री का भव्य स्वागत किया गया । २६) भारत में छत्र किसी देवता या महाराजा का प्रतीक है, अत: इन्हें अक्सर छत्रपति यानी छत्र का स्वामी कहते हैं । २७) उसे विरासत में विष्णु की प्रतिमा मिली । २८) उसने इस मामले को गहराई से सोचा । २९) इस कुंड की गहराई नापनी चाहिये । ३०) इस व्यक्ति की सरलता से सब लोग प्रभावित होते हैं । ३१) मनुष्य की अमरता उसके शरीर में नहीं, उसके कार्यों में है । ३२) यह अद्वितीय घटना देर तक बहुचर्चित रही थी । ३३) इस संग्रहालय में चित्रकला और मूर्तिकला के उत्कृष्ट नमूने दर्शाये जाते हैं । ३४) इस गोपुरम में ग्यारह मंजिलें हैं । ३५) मास्को क्रेमलिन के बुर्ज दूर

से दिखाई देते हैं । ३६) हमारे खेत का क्षेत्रफल १५ एकड है । ३७) संगतराशी दस्तकारी का एक रूप है । ३८) भारतीय संग्रहालयों में संगतराशी के अद्‌भुत नमूने देखने को मिलते हैं । ३९) बुर्ज पर चढθकर मनोहर दृश्य देखने को मिलता है । ४०) माता-पिता का दिल दुखाना पाप है । ४१) गंगा-स्नान करना पुण्य है । ४२) उसने बैंक में लेखा खोल दिया । ४३) पवित्र कुंड में स्नान करने के लिए अनेक तीर्थयात्री आया करते हैं । ४४) जब तक भूमि का स्वामी नहीं होगा इसकी फसल अच्छी नहीं होगी । ४५) भारत में सोने के अद्वितीय आभूषण गढθे जाते हैं । ४६) पिछले जमाने में घुडसवार सेना सबसे शक्तिशाली मानी जाती थी । ४७) हिंदुओं के अनेकानेक देवता हैं जिनकी संख्या हजθारों के समान है । ४८) बुलंद दरवाजθा मुगलकालीन स्थापत्य का अप्रतिम उदाहरण है । ४९) एक पत्रिका में मेरा लेख छपा था । ५०) कुछ ऐसे स्तंभ मिलते हैं जिनपर अशोक सम्राट के लेख अंकित हैं । इन्हें अशोक के शिला-लेख कहते हैं । ५१) बच्चे के गाल पर अश्रु ठहरा हुआ है । ५२) गुरूपदेश मानना हिंदू का कर्त्तव्य है । ५३) टकसाल में सोने के सिक्के बनाये जाते हैं । ५४) उसे प्रतिनिधिमंडल में सम्मिलित किया गया था । ५५) किसी ने कहा कि सौंदर्य संसार को बचायेगा । ५६) आध्यात्मिक सौंदर्य सौंदर्य की पराकाष्ठा है । ५७) धर्म अटूट रूप से आध्यात्मिक जगत से जुडθा हुआ होता है । ५८) मंदिर के समीप सदा सरोवर या कुंड होते हैं । ५९) कमल-पुष्प पावनता का प्रतीक है । ६०) खूँटी पर एक कोट टँगा है ।

७) अनुवाद कीजिये ।

1) В Индии встречается много неповторимых и прекрасных памятников культуры и архитектуры. 2) Наш долг беречь и приумножать культурное наследие. 3) Комплекс пещерных храмов Аджанты известен во всем мире. 4) Некоторые пещерные храмы представляют собой вершину зодчества. 5) Фрески

Аджанты рассказывают нам о красоте той далекой жизни. 6) Национальная картинная галерея Индии находится в Дели. 7) Древние фрески – это отображение жизни той эпохи, всего того, что в ней встречалось. 8) Бирбал был весьма влиятельной фигурой при дворе Акбара. 9) До сих пор в Индии много говорят о его юморе. 10) Высеченные в скальном монолите храмы являются особенностью древней индийской архитектуры. 11) Они были сделаны с великолепным мастерством и впечатляют пропорциональностью своих форм, красотой скульптуры и живописи. 12) Основное божество индусского храма помещают в специальной комнате, расположенной в задней части храма. 13) Убранство молельного зала впечатляет своим великолепием. 14) Стены храма украшены фресками из жизни Будды. 15) Индусские боги очень часто имеют свои «транспортные средства». Как правило, это различные животные и птицы. Так, «возницей» бога Шивы является бык Нанди. 16) У входа во многие храмы имеются огромные фигуры «стражей ворот», или привратников, охраняющих храм. 17) Многие индийские дворцы, храмы и крепости являются неповторимыми образцами архитектуры своего времени. 18) Индусы поклоняются различным божествам, среди которых наиболее популярны Шива (на юге) и Вишну (на севере). 19) Индийские паломники регулярно посещают многочисленные святые места, связанные как с индусской, так и мусульманской культурой. 20) Брахманы – это те люди, которым разрешено читать шлоки из Вед в честь индийских богов. 21) Индийские золотые украшения известны во всем мире. 22) Показался приближающийся всадник. 23) Вырубленные в скале храмы Эллоры известны своей скульптурой. 24) Купола многих мечетей Индии покрыты эмалью. 25) В газете напечатана статья известного ученого. 26) Во время больших праздников, связанных с религией, изображения богов выносятся из храмов, водружаются на колесницы и провозятся через весь город. 27) Индийские усыпальницы, храмы и мечети обычно возводятся на высоком цоколе, или платформе. 28) Пали был официальным языком во время правления Ашоки, на этом языке сделаны наскальные надписи. 29) Индийцы отдают дань уважения многочисленным религиозным наставникам. 30)

Тадж Махал называют сверкающей жемчужиной мусульманской архитектуры. 31) Фатехпур Сикри – вершина архитектурного творчества могольских императоров. 32) Многие его здания – вершина красоты и изящества. 33) Место захоронения Салима Чишти известно своей ювелирной работой по перламутру. 34) Храмы-колесницы Махабалипурама представляют собой уникальное явление в южноиндийской архитектуре. 35) Его включили в список студентов, выезжающих в Индию. 36) Охрана своих границ – суверенное право каждого государства. 37) На стене висит картина. 38) Сохранение культурных ценностей говорит о духовном здоровье нации. 39) Стены мавзолея сделаны из белоснежного мрамора. 40) Заседание будет проходить в конференц-зале. 41) Зал аудиовизуальной пропаганды Бехаистского храма весьма популярен.

८) निम्नलिखित विशेषणों के साथ सभी संभव संज्ञाएँ जोडिये ।

अद्वितीय, अनमोल, अक्षय, सर्वोपरि, समसामयिक, शैलोत्कीर्ण, श्रेष्ठ, विरल, अप्रतिम, समानुपातिक, भीमकाय, अद्भुत, मनोहर, बहुमूल्य, अनियमित, दोहरा, नाज़ुक, विशिष्ट, प्रभावी, समृद्ध, उत्कृष्ट, सार्वभौमिक, प्रशासनिक, हिमश्वेत, आध्यात्मिक, गुलाबी, अनूठा, ज्वलंत, अटूट ।

९) निम्नलिखित संज्ञाओं के साथ सभी संभव विशेषण जोडिये ।

विरासत, भगवान्, कारीगरी, मूर्तिकला, गुफा, त्रिमूर्ति, संगतराशी, आभूषण, मीनाकारी, सौंदर्य, पंखुडθी, शिल्प, प्रतीक ।

१०) अनुवाद कीजिये ।

अंकित करना, निर्मित करना, स्थापित करना, सुसज्जित करना, अलंकृत करना, प्रभावित करना, प्राप्त करना, सम्मिलित करना, निश्चित करना, विभाजित करना, समर्पित करना, अर्पित

करना, सन्निहित करना, हासिल करना, आयोजित करना, हस्तांतरित करना, विकसित करना, शामिल करना, पुन:जीवित करना, सिद्ध करना, वंचित करना, संचालित करना, नष्ट करना, घोषित करना, गिरफ्तार करना, प्रोत्साहित करना, नियमित करना, स्वीकार करना, संतुष्ट करना, पराजित करना, निर्वाचित करना, क्षीण करना, प्रचालित करना, प्रवाहित करना ।

११) पाठ से जुडे हुए सवालों का जवाब दीजिये ।

1) Чем являются архитектурные памятники Индии для мировой культуры? 2) Где находятся пещерные храмы Аджанты? 3) Чем они знамениты? 4) Когда были выполнены фрески Аджанты? 5) С какой религией они связаны? 6) Что они изображают? 7) Где находятся пещеры Эллоры? 8) Что они собой представляют? 9) Когда они были сделаны? 10) С какими религиями они связаны? 11) Какие пещеры Эллоры являются наиболее известными? 12) Что обычно хранится в гарбхгрихе, внутреннем зале храма? 13) Что представляет собой пещерный храм Кайлаша? 14) Кто является «возчиком» Шивы? 15) Что изображает скульптура Равана в пещерном храме Кайлаша? 16) Чем отличаются джайнистские пещеры Эллоры? 17) Где расположены пещеры Элефанты? 18) Когда они были обнаружены? 19) Когда они были созданы? 20) К какой религии они относятся? 21) Чем отличается пещера Махеша? 22) Скульптуры каких богов находятся в этой пещере? 23) Где находится город Канчипурам? 24) Чем знаменит этот город? 25) Какие храмы этого города наиболее известны? 26) Когда они были построены? 27) Чем характерна шиваистская часть Канчипурама? 28) Что такое «гопурам»? 29) Чем известен храм Варадраджа? 30) Кто подарил драгоценное ожерелье храму? 31) Для чего в храме Варадраджа хранятся колесницы? 32) Кто распевает хвалебные гимны богу во время праздничных процессий? 33) Где находится гора Гирнар? 34) Какова ее высота? 35) Сколько ступенек ведут на вершину горы? 36) Сколько джайнистских храмов находится на ее вершине? 37) Когда они были построены? 38) Где находится знаменитая скала Ашоки? 39) В память о ком был по-

строен мавзолей Тадж Махал? 40) Что сказал о нем Рабиндранатх Тагор? 41) Когда он был построен? 42) Кто построил знаменитый форт в Агре? 43) Каковы особенности этого памятника архитектуры? 44) Как называются наиболее известные здания форта? 45) Что можно сказать о Фатехпур Сикри? 46) Где находится храмовый комплекс Кхаджурахо? 47) Когда и кем были построены его храмы? 48) Когда был построен наиболее древний храм Кхаджурахо? 49) Как называется наиболее известный храм этого комплекса? 50) Когда был построен «Храм Солнца» в Конарке? 51) Что он собой представляет? 52) Что можно сказать о храмах Махабалипурама? 53) Кто и когда построил знаменитую буддийскую ступу в Санчи? 54) Когда был построен бехаитский храм в Дели? 55) Какой он имеет вид? 56) Чем является цветок лотоса для Индии? 57) Какие помещения имеются в этом храме? 58) Что находится вокруг этого храма? 59) Каким по счету является этот храм среди храмов религии бехаизма? 60) Кто является строителем этого храма?

१२) भारत के किसी भी ऐतिहासिक स्मारक का विस्तृत वर्णन कीजिये ।

१३) रूस के किसी भी ऐतिहासिक स्मारक के बारे में सुनाइये ।

१४) ताजमहल का वर्णन पढθकर इसके बारे में अपने शब्दों में सुनाइये ।

आगरे का ताजमहल संसार भर में प्रसिद्ध है । इसे पाँचवें मुगल बादशाह शाहजहाँ ने अपनी बेगम मुमताजθ महल की याद में बनवाया था । कहा जाता है कि मुमताजθ महल बहुत ही सुंदर थी और शाहजहाँ उसे बहुत प्रेम करता था । मरते समय अपने पलंग के पास बैठे हुए बादशाह से उसने कहा : “जब मैं मर जाऊँ तब मेरी याद में एक ऐसा मकबरा बनवा देना जो दुनिया में अपनी तरह का अकेला हो” । बादशाह के

लिए यह कोई कठिन काम न था । उस समय मुगल राज्य बहुत धनी और सुखी था । इसलिए शाहजहाँ के जमाने को मुगल इतिहास का स्वर्ण काल कहा जाता है । अपनी मरती हुई पत्नी को बादशाह ने मकबरा बनवाने का वचन दे दिया ।

मुमताज की मृत्यु से बादशाह को बहुत दुख (печаль) हुआ । वे घंटों अकेले बैठकर उसकी याद किया करते । कुछ समय बाद जब उसका दुख हलका हुआ, तब उन्होंने मकबरा बनवाने की बात सोचनी शुरू की । मुगल बादशाह इमारतें बनवाने में बहुत दिलचस्पी रखते थे । इसीलिए उस समय देश-विदेश से इमारतें बनाने वाले शिल्पी भारत आया करते थे । बादशाह ने अपने दरबार के लोगों से सलाह ली और मकबरे के नमूने मँगवाये । पθारस के ईसामसूद नामक एक शिल्पी का नमूना उन्हें बहुत पसंद आया । बादशाह बहुत खुθश थे क्योंकि उन्हें मकबरे की सही तसवीर मिल गयी थी ।

बादशाह ने हुक्म दिया कि मकबरा सपθेद संगमरमर से बनाया जाये और जितनी जल्दी हो सके बन जाये । लाल और सपθेद संगमरमर मँगाया गया और तीस हजθार मजθदूरों और शिल्पियों ने दिन रात काम करना शुरू किया । बीस वर्षों की सखθत मेहनत और चार करोडθ ग्यारह लाख रुपये के खθर्च से जब मकबरा बनकर तैयार हुआ, तब से लेकर आज तक देखने वालों ने इसे हमेशा दुनिया का श्रेष्ठतम मकबरा माना है ।

यह मकबरा एक बहुत लंबे बगीचे में संगमरमर के ऊँचे चबूतरे (платформа) पर बना हुआ है । चबूतरे के चारों कोनों पर ऊँची मीनारें बनी हुई हैं जिनकी भीतर की सीढिθयों से आप ऊपर जा सकते हैं । बीच में एक बहुत बडθा गुंबद बना हुआ है, जिसे देखकर आश्चर्य होता है कि आखिθर यह कैसे बना । गुंबद के चारों ओर की दीवारों पर हीरे (бриллиант) जडेθ गये थे । अब उनकी जगह शीशे के टुकडेθ लगे हैं । चाँदनी (лунный) रातों में ये टुकडेθ हीरों की ही तरह चमकते हैं । साथ ही दीवारों पर संगमरमर को काटकर फूल-पौधे

बनाये गये हैं । इनमें कई झरोखे हैं । आप ताज में घुसते ही नीचे जायें, तो वहीं मुमताजθ की कब्र (могила) मिलेगी । शाहजहाँ के मरने के बाद उनकी कब्र भी वहीं बना दी गयी ।

ताज के पीछे यमुना नदी है । ताज के सामने की ओर एक सुंदर बाग है जिसके बीच में एक तालाब भी है । बाग की हरी-हरी घास पर बैठे हुए तालाब के फव्वारे देखना बहुत ही अच्छा लगता है । ताज तीन सौ वर्ष पहले बना था, लेकिन देखने पर कल का ही बना हुआ लगता है । यह शाहजहाँ और मुमताजθ के प्रेम का प्रतीक है और भारत का गौरव भी ।

१५) अनुवाद कीजिये ।

В период династии Маурьев далеко за пределами Индии распространялась слава о ее богатствах. Развивались большие города – центры ремесла и торговли. Индия была одной из передовых стран Древнего мира. Об архитектуре городов и жилищ того времени можно узнать по литературе и скульптурным изображениям.

Пещерные храмы появились в Индии в III в. до н. э., однако наиболее известными являются пещерные храмы, построенные в скалах Декана во времена династии Гуптов. Эта вторая эпоха пещерного строительства продолжалась до IX в. н. э. Нарярду с этим развивается и живопись, достигшая высочайшего расцвета уже в V – VI вв. Среди пещерных храмов мировой известностью пользуются пещерные храмы Аджанты, Эллоры и Элефанты. Аджанта прославилась главным образом стенными росписями своих буддийских храмов, создававшихся между II в. до н. э. и VII в. н. э. Зрелое живописное мастерство самых ранних росписей Аджанты, отдельные фрагменты которой сохранили свою красоту и до наших дней, позволяет думать, что им предшествовал многовековой путь совершенствования индийской живописи. Эллора, храмы которой созданы между VI и XIII вв., находится недалеко от Аджанты. Она известна огромными двух- и трехэтажными пещерными храмами, многоколонными террасами, внутренними дворами и величественной скульптурой. В Эллоре скульптура занимает первое место. По своей красоте ее скульптуры могут соперничать лишь с извая-

ниями острова Элефанта, в пещерах которого наряду с многочисленными изображениями различных богов имеется гигантская скульптура божественной троицы - «тримурти».

Наивысшего расцвета мусульманская культура Индии достигает во времена правления моголов, среди которых особенно значительное внимание строительству уделяли Акбар и Шахджахан. При Акбаре широкий размах получило строительство городов-крепостей, среди которых главными являются форт Агры и Фатехпур Сикри. В зданиях периода правления Акбара, созданных из красного песчаника и белого мрамора, использовались традиции мусульманского и индусского зодчества. В это время создается идеальный образец мавзолея. Таков мавзолей отца Акбара Хумаюна в Дели, расположенный в центре сада, где имеется много каналов и фонтанов, и окруженный высокой стеной. Мощное здание мавзолея, стоящее на высоком цоколе, как бы говорит о могуществе правителя, его создавшего. По образцу этого мавзолея в XVII в. был построен внуком Акбара – Шахджаханом знаменитый мавзолей Тадж Махал. По образцу крепости в Лахоре сооружен Красный форт в Дели. Из соборных мечетей, возведенных Шахджаханом, лучшей является мечеть в Дели. Традиционные формы мавзолея достигли наивысшей точки в архитектуре усыпальницы жены Шахджахана – всемирно известном Тадж Махале в Агре. Это прекрасное сооружение из белоснежного мрамора, воздвигнутое среди парка с фонтанами и бассейнами, - лучший памятник могольской архитектуры в Индии.

१६) खाली जगहों में आवश्यक शब्द रखिये ।

१) भारत प्राचीन संस्कृति की अनमोल – का अक्षय भंडार है । २) अजंता अनेक – का समूह है । ३) अजंता भित्तियों पर अंकित – के लिए विश्वविख्यात है । ४) यह चट्टान पर अंकित अशोक के – हैं । ५) प्रत्येक मंदिर में अपने – की प्रतिमा है । ६) ताजमहल मुगल स्थापत्य का – है । ७) यह गुफा - - से तराशी गयी । ८) एलोरा – गुफा-मंदिरों का अद्वितीय उदाहरण है । ९) त्रिमूर्ति अपनी श्रेष्ठ - के लिए प्रसिद्ध है ।

१०) मंदिर के पृष्ठभाग में - बनाया जाता है । ११) मंदिर का बुर्ज - या – कहा जाता है । १२) शिव का – नंदी है । १३) ये मूर्तियाँ प्राचीन – का अप्रतिम उदाहरण है । १४) यह गर्भगृह मूर्तियों से – है । १५) अजंता की गुफाएँ केवल उन्नीसवीं सदी में - में आयी हैं । १६) अजंता की कुछ गुफाएँ अपनी – में एलोरा की कुछ गुफाओं के समान हैं । १७) भीमकाय – की प्रतिमाएँ अत्यंत प्रभावशाली हैं । १८) विद्यार्थी को हर विषय की – तक पहुँचना चाहिए । १९) हिंदू देवताओं की प्रतिमाएँ मूर्त्तिकला की – को दर्शाती हैं । २०) देवताओं की – करना पक्के हिंदू का पवित्र कर्त्तव्य है । २१) कैलाशनाथ का मंदिर अपनी अद्भुत – के लिए प्रसिद्ध है । २२) यमराज का मंत्री चित्रगुप्त मनुष्यों के पापों तथा पुण्यों का – करता है । २३) विश्वभर की महिलाएँ बहुमूल्य आभूषणों से बहुत – होती हैं । २४) बहुमूल्य – प्रत्येक भारतीय महिला का सपना है । २५) प्रत्येक तीर्थस्थान में - की बडθी भीडθ होती है । २६) देर से आने के कारण वह रेलगाडी नहीं - पाया । २७) यह मंदिर - को काटकर निर्मित है । २८) गांधी जी नेहरू के राजनीतिक - समझे जाते हैं । २९) प्रत्येक धर्म में बडθ-बडθ धार्मिक – मनाये जाते हैं । ३०) मुगलकालीन – में अपनी विशेषता है । ३१) सब लोग अपने – मूल्यों को सुरक्षित रखना चाहते हैं । ३२) ताजमहल सौंदर्य का – है । ३३) सूर्य मंदिर उडθीसा की वास्तुकला की पराकाष्ठा का – उदाहरण है । ३४) संसद में निर्वाचित होना प्रत्येक नागरिक का – अधिकार है । ३५) - अपराध के कारण वह गिरपθ्तार किया गया । ३६) इस शिल्पी ने मंदिर के निर्माण की – की । ३७) रूस में एक सांस्कृतिक संगठन था जिसका नाम था “कला –” । ३८) कमल की पंखुडिθयाँ बहुत – होती हैं । ३९) उसका नाम – में सम्मिलित किया गया । ४०) १५ अगस्त को भारत के प्रधान मंत्री लाल किले की - से देशवासियों का अभिवादन करते हैं ।

१७) शब्दकोश की सहायता से अनुवाद कीजिये ।

भारतीग कला, संस्कृति और धार्मिक आस्था का इतिहास बहुत पुराना है । इसका मुकाबला अन्य कोई देश नहीं कर सकता । यहाँ के पुराने मंदिर, गुफाएँ, किले, प्राचीन नगर, सागर तट तथा अन्य कई स्थल कला और आस्था का ज्वलंत उदाहरण है । इनमें से कुछ स्थल तो समय के साथ इतिहास का हिस्सा हो गये, पर अभी भी अपनी विरासत पर हम गर्व कर सकते हैं ।

मद्रास शहर से मात्र ५८ किलोमीटर दक्षिण में बंगाल की खाडθी के तट पर बसा महाबलीपुरम प्राकृतिक सौंदर्य और प्राचीन वास्तुकला का अनूठा सम्मिश्रण है । यहाँ का सागर तट, चट्टानों पर की गयी शिल्पकारी तथा मंदिर सबको मंत्रमुग्ध करते हैं । यहाँ का इतिहास बहुत पुराना है तथा यह कभी एक उन्नत बंदरगाह के रूप में प्रसिद्ध था । यूनान के मल्लाहों को प्रथम शताब्दी में ही उसके बारे में पता था । प्राचीन रोम के सिक्के यहाँ मिले । इससे व्यापार संबंधों की जानकारी मिलती है । चीनी यात्री ह्वेन सांग ने सातवीं शताब्दी में यहाँ की यात्रा की । पल्लव वंश के काल में यह अत्यंत विकसित नगर था ।

महाबलीपुरम का पुराना नाम मामल्लापुरम था । महाराज नरसिंहवर्मन प्रथम पल्लव वंश के प्रमुख शासक थे । इन्होंने वर्ष ६३० से वर्ष ६७० तक यहाँ शासन किया और अधिकतर मूर्तियाँ और मंदिर इन्हीं के समय की देन है । अत्यधिक शक्तिशाली होने के कारण उन्हें "मल्ल" तथा शहर को "मामल्लापुरम" का नाम दिया गया ।

महाबलीपुरम में वास्तुशिल्प के मुख्यत: तीन प्रकार हैं और इनमें बहुत अंतर है । पल्लव वंश के तीन प्रमुख शासकों – महेंद्रवर्मन प्रथम, नरसिंहवर्मन प्रथम तथा राजासिंहा के शासनकाल में अलग-अलग प्रकार के वास्तुशिल्प का विकास हुआ । यहाँ के प्रमुख दर्शनीय स्थल, यहाँकी गुफाएँ, मंदिर,

